दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस
RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 29 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष एकादशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 160 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

इसे कहते है चोरी उपर से सीना जोरी। बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान हुई भारी हिंसा को लेकर बंगाल विधानसभा में विपक्ष ने कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया। इसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारी हिंसा के आरोप को सिरे से ही नकार दिया। उन्होंने कहा कि छिटपुट हिंसक घटनाएं हुई थी। उन्होंने दावा किया कि पंचायत चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुए है। मतलब कांग्रेस, भाजपा और कम्यूनिष्ट पार्टी के नेता झूठे है। बस दीदी ही सच्ची है। लगता है उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव भी ऐसे ही शांतिपूर्ण तरीके से कराने की ठान ली है। रोक सको तो रोक लो।

विधायक अब उड़ान और रेल यात्रा पर हर साल 10 लाख रुपये तक कर सकेंगे खर्च, पूर्व विधायकों का भी बढ़ा भत्ता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के माननीय विधायक और पुर्व विधायक का भत्ता बढ़ा दिया गया है। बता दें विधायक अब उड़ान और रेल यात्रा पर सालभर में 10 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे। वहीं पूर्व विधायकों का भी भत्ता एक लाख रुपये बढ़ा दिया गया है। पूर्व विधायक अब हर साल 5 लाख रुपये तक रेल और वायु यात्रा कर सकेंगे।

विधायकों और पूर्व विधायकों का यात्रा भत्ता बढ़ाने के लिए विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान संशोधन विधेयक पारित किया गया है। इसमें वर्तमान विधायकों का भत्ता 8 लाख से 10 लाख कर दिया गया है। वहीं पूर्व विधायकों की पात्रता 4 से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया है। सदन में से विधेयक के पारित होने के बाद अब इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

भीमा कोरेगांव केस- 2 आरोपियों को 5 साल बाद जमानत

■ **सुप्रीम कोर्ट की 5 शर्तें, कहा- मोबाइल स्विच्ड ऑफ नहीं होगा, लोकेशन ऑन रहेगी**

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने भीमा कोरेगांव केस में 28 जुलाई को दो आरोपियों वेरनन गोंजाल्वेस और अरुण फरेरा को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दोनों आरोपियों को कस्टडी में 5 साल हो चुके हैं। उन पर गंभीर आरोप हैं, लेकिन केवल इस आधार पर उन्हें जमानत देने से इनकार नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने मामले की सुनवाई की।

5 साल से जेल में थे गोंजाल्वेस और फरेरा

द इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, गोंजाल्वेस और फरेरा को 2018 में मुंबई की तलोजा जेल भेजा गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट से जमानत नामंजूर होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। दोनों ने कहा था कि हाईकोर्ट ने उनकी बेल एप्लीकेशन को खारिज कर दिया, जबकि सह-आरोपी सुधा भारद्वाज को जमानत दे दी।

सुप्रीम कोर्ट की 5 शर्तें-

दोनों आरोपी महाराष्ट्र नहीं छोड़ सकते हैं। दोनों आरोपियों के पास एक-एक मोबाइल रहेगा। मोबाइल फोन कभी स्विच्ड ऑफ नहीं होगा। अपनी लोकेशन भी हमेशा ऑन रखेंगे। आरोपियों का फोन इस केस के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कंजेक्टिवाइटिस के संक्रमण को हर हाल में रोकें : भूपेश

■ **मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में आई फ्लू को रोकने के उपायों की समीक्षा की**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां अपने निवास कार्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक में कंजेक्टिवाइटिस की रोकथाम के उपायों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कंजेक्टिवाइटिस से बचने के उपायों और सावधानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि इस बीमारी को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने विशेषज्ञों की सलाह का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों को यह बताया जाए हाथों को बिना साफ किए हाथ आंखों में ना लगाएं, जिससे संक्रमण ना हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में कंजेक्टिवाइटिस के मरीजों का प्राथमिकता के साथ इलाज किया जाए। ताकि उन्हें अस्पतालों में ज्यादा समय न रुकना पड़े। स्कूलों में भी यदि किसी बच्चे को कंजेक्टिवाइटिस होता है तो संक्रमण से बचने के लिए उन्हें घर भेज जाए। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में कंजेक्टिवाइटिस के मरीजों की जांच और इलाज तथा दवाईयों की उपलब्धता की समीक्षा भी की।मुख्यमंत्री ने कहा कि कंजेक्टिवाइटिस की रोकथाम के उपायों का सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध है। पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध हैं और मरीजों को निःशुल्क दवाईयां दी जा रही हैं।

बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य रेणु जी. पिल्ले, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग के सचिव सिध्दार्थ कोमल सिंह परदेशी, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, संचालक लोक शिक्षण सुनील जैन, स्वास्थ्य मिशन के एमडी विलास भोसकर संदीपन, संचालक महामारी नियंत्रण डॉ. सुभाष मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने बैठक में कहा कि पिछले सप्ताह कंजेक्टिवाइटिस के जो मरीज मिले थे, उनमें से अधिकांश स्वस्थ हो गये है। दुर्ग, रायपुर में ज्यादा मरीज मिले थे। उन्होंने कहा कि लोग मेडिकल स्टोर से स्वयं स्टेराइड दवाईयां लेकर आंखों में डाल रहे है, ऐसा करना नुकसानदेह हो सकता है। इसलिए डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

डरने की नहीं, सावधानी की जरूरत

बैठक में विशेषज्ञों ने बताया कि कंजेक्टिवाइटिस से डरने की जरूरत नहीं है, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक जांच और उपचार की व्यवस्था है। लोगों को निःशुल्क दवाईयां दी जा रही हैं। अस्पतालों में यह ध्यान रखा जाए कि यदि संक्रमण है तो आपरेशन नहीं किया जाए। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि सामान्यतः यह बीमारी 3 दिन में ठीक हो जाती है। यदि ठीक नहीं होती, आंखों में तकलीफ रहती है या दृष्टि में धुंधलापन आता है तो नेत्र विशेषज्ञ को तुरंत दिखाएं। लोग हाथ मिलाने से बचें और बिना साफ किए हाथ आंखों में ना लगाएं।

मणिपुर हिंसा को लेकर हंगामा

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

■ **संसद में मणिपुर मामले पर चर्चा के लिए तैयार हैं पीएम मोदी- पीयूष गोयल**

नई दिल्ली/नवप्रदेश । मणिपुर हिंसा को लेकर जारी हंगामे के बीच लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने एक बार फिर जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री मोदी से हिंसा को लेकर जवाब मांगा. दोनों सदनों के स्थगित होने के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मणिपुर मामले पर पीएम मोदी चर्चा के लिए तैयार हैं, अब स्पीकर को तय करना है कि इस विषय पर कब चर्चा होगी। उन्होंने इस दौरान विपक्षी सांसदों पर भी निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री गोयल ने विपक्ष की तरफ से पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर कहा कि अविश्वास प्रस्ताव सरकार को गिराने के लिए लाया जा रहा है, लेकिन सदन में हमारे पास पर्याप्त बहुमत है. विपक्ष के सभी दलों को आपसी सहयोग से सदन को चलाने के बारे में सोचना चाहिए. हमने सभी दलों को ऑल पार्टी मीटिंग के समय ही मणिपुर पर चर्चा के लिए बोला था, लेकिन सदन में हंगामा करके संसद न चलने देने से सदन की कार्यवाही बाधित हो रही है। पीयूष गोयल ने विपक्ष के उन सांसदों के आरोपों पर भी जवाब दिया, जिन्होंने माइक बंद करने की बात कही थी. उन्होंने कहा, विपक्ष आरोप लगाता है कि बोलते वक्त उनका माइक बंद कर दिया जाता है, लेकिन ऐसा नहीं है बस ये विपक्ष सरकार को बदनाम करने के लिए ऐसे आरोप लगा रहा है।

लोकसभा में हंगामे के बीच पास हुए बिल

मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने खान और खनिज संशोधन विधेयक को चर्चा के लिए सदन में रखा, जिसके बाद हंगामे के बीच विधेयक पारित कर दिया गया. इसके अलावा राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग विधेयक, 2023 और राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक, 2023 भी लोकसभा से पारित कर दिया गया। इस दौरान विपक्षी सदस्य मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस के लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर तत्काल चर्चा की मांग कर रहे थे।

राज्यसभा में भी खूब हुआ बवाल

लोकसभा की ही तरह राज्यसभा में भी मणिपुर को लेकर खूब बवाल हुआ। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए दबाव डाल रहे टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन के साथ विवाद के बाद सदन को अचानक दिन भर के लिए स्थगित कर दिया. धनखड़ को टीएमसी सांसद ने रोका और मणिपुर की स्थिति पर चर्चा करने के लिए नियम 267 के तहत विपक्षी सदस्यों के दिए गए नोटिस को स्वीकार न करने पर एक मुद्दा उठाने के लिए मेज थपथपाई, जिससे उन्हें कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी. जगदीप धनखड़ ने कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते और कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

सीएम गहलोत ने जीत के प्लान का खुलासा किया

जयपुर (ए.)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक न्यूज चैनल से खास बातचीत में साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस के दम पर दोबारा सरकार बनाएंगे. सीएम गहलोत ने शहरी रोजगार योजना, 500 रुपये में सिलेंडर, 25 लाख का बीमा जैसे अपनी सरकार के बड़े फैसले गिनाए. अशोक गहलोत ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरी सरकार गिराने की कोशिश की गई, लेकिन जनता ने हमारी सरकार बचा ली. उन्होंने कहा कि साजिश के तहत मेरी सरकार के खिलाफ लाल डायरी लाई गई. उन्होंने कहा कि हमें पता था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल डायरी का जिक्र करेंगे.

रतन टाटा 'उद्योग रत्न अवार्ड' से होंगे सम्मानित

नई दिल्ली(ए)। भारत के बिजनेस टायकून और टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा को एक बार फिर अवार्ड से नवाज़ा जायेगा।

बता दें कि देश-विदेश में रतन जी टाटा को पुरुस्कृत और सम्मानित किया जा चूका है। अब महाराष्ट्र सरकार ने उद्योगपति रतन टाटा को पहला 'उद्योग रत्न' पुरस्कार देने का फैसला किया है। इसकी जानकारी महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दी। राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बताया कि युवा उद्यमी, महिला उद्यमी और मराठी उद्यमी को भी ये पुरस्कार दिए जाएंगे। सामंत ने गुरुवार को राज्य विधान परिषद में बताया कि युवा उद्यमी, महिला उद्यमी और मराठी उद्यमी के लिए भी अवार्ड दिए जाएंगे।

राज्य में नये पुलिस रेंज का गठन

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने प्रदेश के सभी पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव-2023 की सुरक्षा व्यवस्था, नशीले पदार्थों, अवैध शराब, जुआं-सट्टा, ऑनलाईन गेम्बलिंग एवं गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही की रेंजवार समीक्षा की गयी एवं इसके विरूद्ध सख्त व प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये । पुलिस महानिदेशक द्वारा अभ्यस्त अपराधियों को सूचीबद्ध करने, उनके विरूद्ध रासुका तथा जिला बदर के तहत कार्यवाही करने, वारंटियों के विरूद्ध अभियान चला कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिदेशक द्वारा चिटफण्ड कंपनियों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन जिलों को शामिल किया गया नए पुलिस रेंज में

पुलिस रेंज का पुनर्गठन किया गया है। रायपुर रेंज को दो भागों में विभक्त किया गया है। रायपुर रेंज में जिला रायपुर रहेगा। रायपुर ग्रामीण रेंज में जिला-धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद तथा बलौदाबाजार-भाटापारा रहेंगे। दुर्ग रेंज में जिला-दुर्ग, बेमेतरा तथा बालोद रहेंगे। राजनांदगांव रेंज में जिला-राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी रहेंगे। बिलासपुर रेंज में जिला-बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्री मौर्य के बयान पर सीएम धामी का पलटवार

देहरादून (ए.)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा बद्रीनाथ धाम को आठवीं सदी से पूर्व बौद्ध मठ बताने को लेकर सनातन धर्म को मानने वाले लोगों में आक्रोश है। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान की हर तरफ निंदा हो रही है। वहीं इसी बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर पलटवार करते हुए कहा बद्रीनाथ धाम का जिक्र आदिकाल से बद्रिकाश्रम के रूप में हमारे शास्त्रों पुराणों में होता रहा है। सीएम धामी ने कहा कि अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव भी इसी प्रदेश से ताल्लुक रखती हैं और वह हमारी संस्कृति से भली-भांति परिचित हैं।

अगस्त में भोपाल आ सकती हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

■ **अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव में करेंगी शिरकत**

भोपाल(नवप्रदेश)। ग्वालियर दौरे के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राजधानी भोपाल आ सकती हैं. अगस्त महीने के पहले हफ्ते में साहित्य उत्सव उन्मेष का आयोजन है. बताया जा रहा है कि आयोजन का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू भोपाल के रवीन्द्र संस्कृति में कर सकती है. इस आयोजन में मप्र सहित चार प्रदेशों के राज्यपाल भी शामिल होंगे। बता दें एशिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेष का आयोजन 3 से 6 अगस्त तक राजधानी भोपाल के रवीन्द्र भवन में होगा. बताया जा रहा है कि साहित्य अकादमी और संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के संयुक्त आयोजन का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस आयोजन में दिन में साहित्य से जुड़ी गतिविधियां होंगी तो शाम के सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी.

गरमा-गरम

अच्छी पहल... एक ही जगह पर दिखेंगे देश-दुनिया के नायाब स्मारक

जल्द मिलने जा रही चम्बल रिवर फ्रंट की सौगात

कोटा (नवप्रदेश)। चंबल के किनारों पर बने चंबल रिवर फ्रंट का उद्घाटन जल्दी होने वाला है। इसके संचालन और रखरखाव का ठेका भी हो गया है. एक कंपनी को पांच साल के लिए 154 करोड़ 63 लाख रुपये में ये ठेका दिया गया है.

देश में सबसे बेहतरीन, खूबसूरत और धार्मिकता के रंग में रंगा कोटा के चम्बल रिवर फ्रंट के उद्घाटन की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अगस्त के फस्ट वीक में इसका शुभारंभ किए जाने को लेकर यूआईटी कोटा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बताया जा रहा है कि देशी-विदेशी मेहमानों के साथ फिल्मी हस्तियां भी यहां आने वाली हैं। चम्बल रिवर फ्रंट में देश दुनिया के नायाब स्मारकों के साथ धार्मिक और कई विश्व रिकॉर्ड देखने को मिलने वाले हैं। चंबल के किनारों पर 1200 करोड़ से बने चंबल रिवर फ्रंट का उद्घाटन जल्दी होने वाला है। इसके संचालन और रखरखाव का ठेका भी हो गया है. गुरुग्राम की सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड ने इसकी देखरेख का ठेका लिया है. यूआईटी ने कंपनी को पांच साल के लिए 154 करोड़ 63 लाख रुपये में ठेका दिया है. यह ठेका 2.11 करोड़ रुपये महीने के हिसाब से हुआ है. कंपनी को 740 अधिकारी-कर्मचारी लगाने होंगे. यूआईटी के अधिकारियों का कहना है कि कंपनी ने 14 जुलाई से काम संभाल लिया है।

जीएम का मासिक वेतन कम से कम 2.22 लाख रुपये और फैसेलिटी मैनेजर का 1.23 लाख रुपये होगा। चम्बल रिवर फ्रंट की सुरक्षा को देखते हुए 180 सुरक्षा गार्ड तैनात करने होंगे. इनके अलावा 20 गनमैन और 60 बाउंसर भी तैनात करने होंगे. इनके लिए भर्ती प्रकिया चल रही है. कोटा से भी लोगों को रोजगार मिल रहा है. इसके साथ ही प्रदेश के कई जगह से भी लोग यहां नौकरी की तलाश में आ रहे हैं. कंपनी द्वारा लोगों का चयन किया जा रहा है।

740 अधिकारी-कर्मचारी संभालेंगे जिम्मेदारी

ठेके की शर्तों में रिवर फ्रंट की सुरक्षा, टिकटिंग, हाउस कीपिंग, उद्यानिकी और सभी घाटों की सफाई शामिल है. होटल और दुकानों के लिए अलग से निविदा जारी की गई है. टेंडर में यह अकेली कंपनी आई थी जिसके पास पहले से सुरक्षा और अनुभव भी है. ठेकेदार कंपनी को कम से कम 740 कार्मिक लगाने हैं. इनमें जीएम और फैसेलिटी मैनेजर के साथ-साथ हाउस कीपिंग में 235, बाउंसर 60, ड्राइवर 20, फायरमैन 20, टिकट और पार्किंग के लिए 36, उद्यान के लिए 21, हेल्पर 20 और 16 प्लंबर रहेंगे।

संपादकीय

रेवड़ी कल्चर पर रोक आखिर कब

इसी साल के अंत तक चार राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। जिसके लिए राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी घोषणा पत्र बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। जाहिर है इन चुनावी घोषणा पत्रों में वोट कबाड़ने के लिए कुछ राजनीतिक पार्टियां रेवड़ी कल्चर को ही प्रमुखता देगी। फ्री का यह फार्मुला सबसे कारआमद साबित होता रहा है। वैसे तो लगभग सभी राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी घोषणा पत्र में मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाएं करती रही है। लेकिन इस मामले में आम आदमी पार्टी ने सब को पछाड़ दिया है। मुफ्त बिजली पानी और फ्री यात्रा सहित मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली अनके घोषणाएं कर आम आदमी पार्टी ने नई दिल्ली में लगातार तीसरी बार अपनी सरकार बना ली और इसी फार्मुले को अपना कर उसने पंजाब में भी प्रचंड बहुमत से अपनी सरकार बनाने में सफलता हासिल कर ली। आम आदमी पार्टी के इस फार्मुले को कांग्रेस ने भी अपनाया नतीजतन हिमाचल प्रदेश में उसकी सरकार बन गई और उसके बाद कर्नाटक में भी कांग्रेस ने भारी बहुमत के साथ अपनी सरकार बना ली। किन्तु इन दोनों ही राज्यों की वित्तीय स्थिति चरमरा गई है। हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने का नतीजा यह निकला है कि हिमाचल प्रदेश सरकार का खजाना खाली हो गया है और उसे अपने वर्तमान कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के लाले पड़ गए है। कर्नाटक में कांग्रेस ने जो पांच बड़े चुनावी वादे किए थे उसे पूरा करने में सिद्धरम्मैया सरकार को पसीने छूट रहे हैं। अब तो उन्होंने साफ कह दिया है कि चुनावी वादों को पूरा करने के कारण सरकारी खजाने पर 40 हजार करोड़ रुपए का भार पड़ रहा है। इसलिए एक साल तक तो नए विकास कार्य नहीं हो पाएंगे। यही बात कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने भी कहीं है और बयान दिया है कि फिलहाल कर्नाटक के लोग विकास की उम्मीद ना करें। इससे कर्नाटक के निर्वाचित विधायकों में गहन निराशा व्यप्त हो गई है जो अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों की जन समस्याओं का निराकरण कराने के लिए सरकार पर दबाव बना रहे थे और विभिन्न विकास कार्यों की सूची लेकर उसे मंजूरी दिलाने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहे थे। जाहिर है जब विकास और निर्माण कार्यों पर विराम लग जाएगा तो विधायकों का जनता के बीच जाना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल लोक लुभावन चुनावी वादे करके सत्ता तो हासिल हो जाती है लेकिन संसाधनों की कमी के कारण ऐसे राज्यों की वित्तीय स्थिति डावा डोल हो जाती है और ऐसे राज्य गले तक कर्ज में डूब कर दिवालिए पन की कगार पर पहुंच जाते है। पंजाब, नई दिल्ली और कर्नाटक सहित अनके राज्यों पर कर्ज बढ़ता ही जा रहा है। जो ना सिर्फ उन राज्यों के लिए बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक सिद्ध होगा। इस रेवड़ी कल्चर पर सुप्रीम कोर्ट ने भी गहरी चिंता जताई थी और मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं पर रोक लगाने के लिए केन्द्र सरकार से उचित पहल करने को कहा था लेकिन केन्द्र सरकार भी अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है। अल्लबत्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार रेवड़ी कल्चर को देश के लिए नुकसान देह बताकर ऐसी राजनीतिक पार्टियों पर निशाना साधते रहे हैं। जो वोट कबाड़ने के लिए मुफ्तखोरी को बढ़ावा देती रही है। सवाल यह उठता है कि इस गंभीर मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त कर देने से ही बात नहीं बनेगी। मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं पर कढ़ाई पूर्वक रोक लगाने के लिए केन्द्र सरकार को कड़े कदम उठाने होगें। चुनाव आयोग को भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। तभी राजनीति पार्टियां अपने चुनावी घोषणा पत्रों में मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं से परहेज करेंगे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो निश्चित रूप से आने वाले समय में फ्री वाले फार्मुले पर सभी पार्टियां अमल करेंगी और उनके बीच मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं की होड़ लग जाएगी।

एनईपी 2020: विकसित भारत की ओर अग्रसर मार्ग

धर्मेन्द्र प्रधान
केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री

शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण के क्षेत्र में, भारत के संस्थान विदेशों में परिसर स्थापित कर रहे हैं जबकि आईआईटी मद्रास का ज़ांज़ीबार-तंजानिया में अपने नियोजित परिसर के साथ वैश्विक रूप से विस्तार हो रहा है, इस महीने के प्रारंभ में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात में आईआईटी दिल्ली के परिसर को स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय विदेशी विश्वविद्यालय भी गुजरात की गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं, और निकट भविष्य में विदेशों में एक स्कूल बोर्ड सहित अन्य भारतीय संस्थानों की उपस्थिति का और विस्तार करने की महत्वाकांक्षी योजनाएँ हैं। अमृत काल के अंतर्गत विकसित भारत का स्वप्न, अमृत पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करके ही साकार किया जा सकता है। कामकाजी आयु वर्ग में हमारी लगभग 65 प्रतिशत आबादी के साथ, हमें एक ऐसी उम्र के लिए रूपरेखा तैयार करनी चाहिए जिसमें आजीवन सीखने और कौशल की आवश्यकता हो। वसुधैव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित होकर भारत 21 वीं सदी का वास्तविक नेता बनने के मार्ग पर है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस परिवर्तन को वर्तमान वास्तविकता से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वैश्विक नागरिक बनाने के दृष्टिकोण के साथ भारत की ज्ञान परंपराओं पर जोर देकर, इसमें विश्व स्तर पर कहीं भी ज्ञान-आधारित समाज बनाने के लिए एक मार्गदर्शक बनने की क्षमता है, खासकर गरीब और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए जो उपनिवेश की छाया से मुक्त होना चाहते हैं। अब जबकि एनईपी अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर रहा है, इसकी सफलता का मतलब 2047 तक एक विकसित भारत (विकसित भारत) तथा ज्ञान साझाकरण एवं शांति पर केंद्रित एक वैश्विक विश्व व्यवस्था होगी।

ज्ञान शक्ति है। भारत की समृद्ध ज्ञान क्षमता वेदों और उपनिषदों में स्पष्ट है, जो सदियों से ज्ञान के विशाल स्रोत के रूप में कार्य कर रहे हैं। नालंदा और तक्षशिला जैसे हमारे प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ, भारत अतीत में एक अंतरराष्ट्रीय ज्ञान का केंद्र रहा है। समय के साथ, भारत की ज्ञान शक्ति और संपदा ने मुगल, मंगोल, ब्रिटिश, डच और पुर्तगालियों सहित बहुत लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिन्होंने इतिहास की विभिन्न अवधियों में भारत पर आक्रमण किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत के ज्ञान संपदा की भी अत्यधिक हानि हुई। लेकिन यह सर्वविदित और स्वीकृत तथ्य है कि आक्रमणकारी हमारी भूमि को लूट सकते थे और हमारे विश्वविद्यालयों को नष्ट कर सकते थे, लेकिन वे हमारी भूमि के गुरुओं और योगियों से सदैव पराजित हुए।

दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान ब्रिटेन ने दुनिया का नेतृत्व किया, जबकि तीसरी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व अमेरिका ने किया। आज जब भारत, ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तो अब समय आ गया है कि यह एक बार फिर ज्ञान का केंद्र बन जाए और नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में तेजी से हो रही वृद्धि के साथ अब चौथी औद्योगिक क्रांति में दुनिया का नेतृत्व करे। इन अपेक्षित परिवर्तनों के बीच, 2014 में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने का दृष्टिकोण सामने रखा। 260 मिलियन से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों और 40 मिलियन से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त छात्रों के साथ, भारत की शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। आम जनता सहित हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के पश्चात, 34 वर्षों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का शुभारंभ किया गया। जैसे-जैसे हम 29 जुलाई, 2023 के करीब पहुंच रहे हैं, हम शिक्षा पर एक 'महाकुंभ' 2-दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पिछले तीन वर्ष महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साक्षी बने हैं। भारत के इतिहास में पहली बार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) को औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया गया है, इस साक्ष्य को मान्यता देते हुए कि बच्चे के संपूर्ण मस्तिष्क का 80 प्रतिशत से अधिक विकास 8 वर्ष की आयु से पहले होता है। इसके अतिरिक्त, 3-8 वर्ष

की आयु के बच्चों के लिए बुनियादी स्तर के पहले राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एफएस) के विकास में खेल-आधारित शिक्षाशास्त्र पर बल दिया गया है। इस रूपरेखा में बातचीत, कहानियां, संगीत, कला, शिल्प, खेल, क्षेत्रीय प्राकृतिक यात्राएं और सामग्री एवं खिलौनों के साथ इंटरैक्टिव खेल जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दृष्टिकोण के एक उदाहरण के रूप में जादूई पिटारे (जादुई बक्सा) को स्कूलों को अपनाने के लिए तैयार किया गया है।

एनसीएफ-एफएस पर आधारित कक्षा 1 और 2 के लिए पाठ्यपुस्तकें जारी की गई हैं, जो 2026 तक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय निपुण भारत मिशन की पूरक हैं। स्कूली शिक्षा के लिए आगामी नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन (एनसीएफ-एसई) के अनुरूप लगभग 150 नई पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। ये अमृत काल की पुस्तकें होंगी और एनईपी-2020 के तहत बहुभाषी शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए इन्हें कम से कम 22 भारतीय भाषाओं में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ई-विद्या के माध्यम से पाठ्य-पुस्तकों के डिजिटल संस्करणों को सुलभ बनाया जा रहा है, जिससे न्यायसंगत और ऑन-डिमांड पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। एनईपी की सही भावना का प्रतिनिधित्व करने वाले उभरते भारत के लिए पीएम श्री स्कूल भी पूरे देश में स्थापित किए जा रहे हैं। एनईपी 2020 ने सामान्य शिक्षा के साथ अपने एकीकरण और मुख्यधारा के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया है। हम स्कूल स्तर पर कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए समग्र शिक्षा और कौशल भारत मिशन के बीच सामंजस्य बना रहे हैं। छात्रों और स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों को व्यापक कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए स्कूलों में 5000 कौशल केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, एक एकीकृत राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) पेश किया गया है जो स्कूल, उच्च और कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा को क्रेडिट रखता है। एनसीआरएफ विभिन्न स्तरों पर एकाधिक प्रवेश और निकास को सक्षम बनाता है, जिससे छात्रों को अपने जीवन में किसी भी समय उच्च शिक्षा प्रणाली में फिर से प्रवेश करने की अनुमति मिलती है। मान्यता के लिए क्रेडिट छात्र के अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) में जमा हो जाएगा। प्रौद्योगिकी छात्रों को ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम हासिल करने में सक्षम बना रही है, शिक्षार्थियों को अधिक सुग्राहयता प्रदान कर रही है और विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ा रही है। अब स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से भी क्रेडिट अर्जित किया जा सकता है और जल्द ही, भारत में अपनी तरह की एक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी।

मांग-आधारित कौशल को सक्षम करने, एमएसएमई सहित नियोक्ताओं के साथ जुड़ने और उद्यमिता योजनाओं तक पहुंच की सुविधा के लिए एकीकृत इकोसिस्टम को और भी मजबूत किया गया है। हम कौशलपूर्ण उम्मीदवारों की वैश्विक गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने पर भी कार्य कर रहे हैं। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और कुशल कार्यबल के लिए विदेशी अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से 30 भारत अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उद्योग 4.0 की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार 330 से अधिक वर्तमान समयानुरूप पाठ्यक्रम विकसित किए गए हैं। शिक्षण में भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए, कई उच्च शिक्षा संस्थान अब कई भारतीय भाषाओं में तकनीकी कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। एआई अनुवाद उपकरण विभिन्न भारतीय भाषाओं में पाठ्य-पुस्तकों के अनुवाद की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। जेईई, एनईईटी और सीयूईटी जैसी प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं अब 13 भाषाओं में उपलब्ध हैं।

पुण्यतिथि पर विशेष

जननायक पं. लक्ष्मण प्रसाद वैद्य

डॉ संजय शुक्ला

छत्तीसगढ़ की पावन धरती तपस्वियों,जननायकों और कलावंत सपूतों से भरपूर है। इन्हीं मे से एक हुए स्व.पं लक्ष्मण प्रसाद वैद्य (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भूतपूर्व विधायक बेमेतरा) वास्तविक में माटीपुत्र जनप्रतिनिधि, जनसेवक, राजनीतिक पदो मे रहकर भी सार्वजनिक जीवन में अजातशत्रु की छवि थी आपका जन्म वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य के बेमेतरा जिले के मां चण्डिका आश्रम के लिए विख्यात ग्राम - नेवनारा मे 5 अप्रेल सन् 1902 में हुआ था।आपकी प्रारम्भिक शिक्षा ग्राम बुडेनी(राजिम) माध्यमिक शिक्षा मिडिल स्कूल रायपुर सें तथा 1920 मे महात्मा गाँधी के विचारों के प्रभाव मे आकर स्कूली शिक्षा त्याग कर स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय हो गये थे

बाद में 1933-36 तक संस्कृत मध्यमा उकनी, जिला-जौनपुर (उ.प्र)अध्ययन और डीएवी आयुर्वेदिक कॉलेज लाहौर पाकिस्तान से वैद्य वाचस्पति की उपाधि अर्जित की और सन् 1936-40 तक बतौर आयुर्वेदिक चिकित्सक (ब्रितानियों के मातहत)छत्तीसगढ़ के अकलतरा और दाढी में सेवाएं देते रहे, सन् 1942 में भारत छोडो आंदोलन में सक्रिय रुप से भाग लिया फ्लस्वरूप अग्रेंजी हुकूमत ने उन्हें 3 अप्रेल 1943 को जेल भेज दिया और वो लगभग 6 माह 10 दिन जेल में रहे।आजाद भारत में उन्होंने सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया और 1947-49 तक बेमेतरा तहसील कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और 1950 में म.प्र कांग्रेस कमेटी के आमंत्रित सदस्य रहें सक्रियता के इसी तारतम्यता में 1955-66 तक बेमेतरा जनपद सभा के 3 बार निर्वाचित अध्यक्ष रहें। 1957-1962, 1962-67,1972-77 तथा 1977 से 80 तक 4 बार बेमेतरा विधानसभा का बतौर विधायक प्रतिनिधित्व किया। सन् 1977 के अभूतपूर्व जनता लहर में भी लक्ष्मण प्रसाद जी ने बेमेतरा की सीट कायम रखी जो उनका जमीनी जुडाव और चरम लोकप्रियता का घोतक रहा।सक्रिय राजनीति में रहकर भी फ्क्रीरों और संतों की परम्परा को नमन करते हुए सेवाव्रती माटीपुत्र बेमेतरा विधानसभा के नायक श्री लक्ष्मण प्रसाद जी जैसे व्यक्तित्व के लिए ये सटिक शब्द है:-

मैने चिरागों की हिफाजत वहां भी की
सूरज के डूबने का जहां पर रिवाज था

स्व. वैद्य जनप्रतिनिधि होते हुए भी बिना राग,द्वेष और अनुराग से हमेशा कहते थे कि आम जनता की नुमाइंदगी करनी है वास्तविक सेवा करनी है हमारी मूल भावना ये होनी चाहिए ।राजनीतिक जीवन शैली मे दो तरह शैली विख्यात है पहली शैली जिसमें शक्ति और धन बटोरकर मदमस्त हो जाने वाली शैली (राजतंत्र के डंडे से लोकतंत्र को हाकने की प्रवृत्ति) वर्तमान समय की परिवारवाद वाली राजनीति और दूसरी शैली थी जिसमें लक्ष्मण प्रसाद वैद्य जी को महारत थी वो है एक फ्क्रीर और सेवक बनकर सब कुछ लुटाते हुए बेदाग निकल जाने वाली विशिष्ट शैली जो राजनीति में बहुत दुर्लभ है:-

लिबास भींग न जाये,बदन न गीला हो
ये शर्त है और समन्दर पार जाना है

स्व.लक्ष्मण प्रसाद वैद्य जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को एक लेख विशेष में समेट पाना काफी मुश्किल है स्थिति क्रमशः की है।आज दिनांक 28 जुलाई को कीर्तिशेष पं लक्ष्मण प्रसाद वैद्य जी की 28 वीं पुण्यतिथि है। मैं अपनी लेखनी को विराम दूंगा और आदरणीय बाबू जी के व्यक्तित्व के लिए यही कहूंगा की:- शायद वह सांचा टूट गया हैजिसमें ऐसे कठिन,कोमल और सादगी युक्त चरित्र ढलते थे'। विडंबना है कि कीर्तिशेष लक्ष्मण प्रसाद वैद्य जी को आज वो सार्वजनिक सम्मान अप्राप्त है जिसके वो नैसर्गिक उतराधिकारी थे लिहाजा वर्तमान भूपेश बघेल सरकार से अनुरोध है कि नयी पीढ़ी के लिए प्रेरक स्व. लक्ष्मण प्रसाद वैद्य जी की स्मृतियों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए बेमेतरा जिले के ग्राम - नेवनारा में प्रमुख मार्ग का नामकरण और प्रमुख मार्ग में भव्य प्रवेश द्वार उनके नाम पर निर्मित किया जाए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इश्क़-मुश्क कब हैं छिपे, सच

इश्क़-मुश्क कब हैं छिपे, सच ही है श्रीमान। सरहद कब बाधक बनी, प्रेम चढ़ा परवान।। 'अंजू' का हो इश्क़ या, 'सीमा' का हो प्यार। इसमें कुछ अचरज नहीं, डिजिटल है संसार।। पेट भरे घर में अगर, बाहर जाता कौन। नारी माँगे प्रेम सँग, इज़्ज़त आदर मौन।।

शुचि 'भवि'

करता जो माँ-बाप को, उठकर

करता जो माँ-बाप को, उठकर सुबह प्रणाम। उनके आशीर्वाद से, बनते उसके काम। बनते उसके काम, दूर हर रहे बुराई। सीधी-सच्ची बात, सभी ये सुन लो भाई। दे जो सबको मान, किसी को नहीं अखरता। उस बच्चे को प्यार, सदा हर कोई करता।। **डॉ बिपिन पाण्डेय**

खास पाती

हमारे हिस्से का जंगल हमारे

हमारे हिस्से का जंगल, हमारे पास रहने दो, सुधर जाओ अब हे मानव, प्रकृति में सांस रहने दो। तुम्हारे आने से रोती, यहां हर डाल की कलियां, अभी धरती ये जिंदा है, अचल आकाश रहने दो।

आकांक्षा द्विवेदी

बारिश में खुशी की महक तभी तक

बारिश में खुशी की महक तभी तक महकती, जब मिट्टी सौंधी सौंधी महकती है. और जब नदियों में कलकल की मीठी सी सरगम सुनाई देती है बाकी इसके बाद बारिश तबाही लाती है तबाही और कभी कभी लगता है कि एक दिन ये तबाही इतनी प्रंचड होगी कि सबकुछ जलमग्न होगा और आसमान के उसपार जो है वो हमें देखकर हँस रहा होगा कि भागो कहाँ तक भागते हो और हम बेबस होकर कहेंगें कि हमें खुदा नहीं होना था। **मीना सोनी**

सर्कस के बौने जोकर हाथ में एक

सर्कस के बौने जोकर हाथ में एक छोटा बल्ला रखते थे। जबतक खेल का दूसरा आईटम पेश हो, दर्शकों का ध्यान बंटाने के लिए दूसरे जोकर के पीछे दन् से प्रहार करते थे। बहुत तेज आवाज़ आती। बच्चा मन उस दर्द और दुःख से कराह उठता। रहस्य मालूम हुआ।बल्ला तीन परतों में फ्टा होता था,जो दिखता नहीं था?। भोले दर्शक । मनुष्य में दो ही जाति है। शासक और शासित। शेष जोकर का बल्ला। मृग कस्तूरी ही ढूंढता रहेगा।

शेष अमित

लोग कहते हैं 'आह करता है'

लोग कहते हैं 'आह करता है' इश्क़ जीवन तबाह करता है जानता है तबाह होगी ज़ीस्त फिर भी वो मेरी चाह करता है देख कर मेरी ज़िन्दगी का ढब ख़्वाब भी आत्मदाह करता है मैंने इक़रार ही किया कब था तू गिले ख़्वामख़्वाह करता है। ख़त को ईमेल से ही भेजा कर क्यूँ तू पन्ने सियाह करता है। **ममता लड़ीवाल**

स्पर्श विज्ञान का अपना एक

स्पर्श विज्ञान का अपना एक विराट जगत है। कभी कभी तुम किसी को छू कर भी छू नही पाते। और किसी को छुए बिना भी गहरे आंदोलन से भर सकते हो। स्पर्श की कोमलता और कठोरता अवचेतन और चेतन के मंथन से निकलती है। मन की हो तो पत्थर को छू कर शिव को छुआ जा सकता है और मन की ना हो तो फूलो से भी, ह्रदय का ताप बढ़ता है। **कुलदीप वर्मा**

लोग सदियों से ही आशिक को सजा

लोग सदियों से ही आशिक को सजा देते हैं जब वफा मांगे तो बदले में ज़फा देते हैं हम मोहब्बत को कभी भी नहीं करते रुसवा दिल ना कह पाए वो आंखों से सुना देते हैं ऐसे इंसान भी मिल जाएंगे इस दुनिया में चन्द पैसों के लिए खून बहा देते हैं हमको आता है नज़र रह पे अंधेरा जब भी रोशनी के लिए हम दीप जला देते हैं ये जरूरी नहीं दो चार किताबें पढ़ लें तजुर्बे लोगों को होशियार बना देते हैं सिर्फ ग़म ये है ख्यालों में जिन्हें रखता हूं वह मोहब्बत को मेरी दिल से भुला देते हैं ऐसे लोगों से समर बच के रहो दुनिया में अपने रुख़ पर जो कई चेहरे लगा देते हैं।

समी अहमद समर

आज का इतिहास

नईदिल्ली/वार्ता। 1900 - इटली के राजा अम्बर्टो प्रथम की हत्या अराजकतावादी गेटानो ब्रेस्सी ने की थी. 1914 - केप कॉड नहर को खोला गया था. 1920 - लिंक नदी बांध का निर्माण क्लमाथ पुनर्विचार परियोजना के हिस्से के रूप में शुरू हुआ था. 1921 - एडॉल्फहिटलर नेशनल सोशलिस्ट जर्मन वर्कर्स पार्टी के नेता बन गए थे. 1931 - ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित तेलुगु भाषा के प्रख्यात कवि सी. नारायण रेड्डी का जन्म हुआ था 1945 - बीबीसी लाइट प्रोग्राम रेडियो स्टेशन मुख्यधारा के प्रकाश मनोरंजन और संगीत के लिए लॉन्च किया गया था. 1949 - ब्रिटिश ब्राडकॉस्टिंग कार्पोरेशन रेडियो पर प्रसारण शुरू हुआ था. 1950 - कोरियाई युद्धः चार दिनों के बाद अमेरिकी सेना 7 वें कैवेलरी रेजिमेंट वापस ले गयी थी. 1957 - अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की स्थापना की गई थी. 1965 - वियतनाम युद्धः पहले 4,000 101 वें एयरबोर्न डिवीजन पैराट्रूपर्स वियतनाम में पहुंचे थे. 1967 - वियतनाम युद्धः उत्तरी वियतनाम के तट पर यूएसएस फोरेस्टल द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे खराब अमेरिकी नौसेना आपदा में आग लग गई, जिसमें 134 की मौत हो गई थी.

QUIZ TIME

1) किसे संविधान सभा का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था?

2) किसकी उपस्थिति के कारण गिरगिट रंग बदलता है?

3) भारत सरकार के अनुसार, ट्रांसजेण्डरों को किस योजना के तहत लाया गया?

4) किस जिले को भारत में सर्वश्रेष्ठ आकांक्षी जिले के रूप में घोषित किया गया है?

5) किस उद्योगपति को सर्वोच्च फ्रांसीसी नागरिक सम्मान-शेवेलियर डे ला लीजन डी ऑनर से सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सच्चिदानन्द सिन्हा (2) वर्णी लवक (3) आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (4) हरिद्वार (5) स्वाति पीरामल

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आप गृहस्थ जीवन और दांपत्यजीवन में सुख- शांति का अनुभव करेंगे।

वृष-आज के दिन आपको जिद्दी व्यवहार छोड़कर समाधानपूर्ण व्यवहार रखने की जरूरत है।

मिथुन-आज दिन के आरम्भ से ही नकारात्मक विचार मन पर हावी न हो जाएं इसका ख्याल रखने की आवश्यकता है।

कर्क-आज के दिन आप कुछ नया करने का प्रयास करेंगे लेकिन कार्य के आरंभ में ही नकारात्मक विचार पैदा करेंगे।

सिंह-आजके दिन आप तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। कुटुंबीजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन प्रवास या मिलन-मुलाकात का अवसर आएगा।

कन्या-दिन का आरंभ चिंता और उद्वेग के साथ होगा। साथ-साथ स्वास्थ्य की शिकायत भी रहेगी सर अथवा बदन दर्द से शुरुआत होकर पूरे शरीर को शिथिल करेगी।

तुला-आज का दिन आपके लिये बेहतर रहने वाला है आज सामाजिक क्षेत्र हो अथवा नौकरी- धंधा या अन्य क्षेत्रों में आज के दिन से कुछ न कुछ लाभ अवश्य उठाएंगे।

वृश्चिक-आज के दिन आपके अधिकांश कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे, जिससे आप खुश रहेंगे। नौकरी- व्यवसायिक स्थल पर परिस्थिति आपके अनुकूल रहेगी सोचे समझे कार्य में सफलता मिलेगी।

धनु-आज आप सांसारिक विषय में कम रुचि रखकर आध्यात्मिकता की तरफमुड़ेंगे।

मकर-आज का आधा भाग दिन आपके लिए थोड़ा कष्टदायक रहेगा पूर्व में बरती लापरवाही अथवा वाहन चलाने में असावधानी के चलते शारीरिक कष्ट हो सकता है।

कुंभ-आज आपके कुछ दिनों से रुके अधूरे कार्य पूरे होंगे तथा कार्य में सफलता और यश की प्राप्ति होगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण आपके मन को प्रसन्न रखेगा।

मीन-आज कोई भी अविचारी कदम उठाने से बचे। हालांकि आज जिस भी कार्य को करेंगे देर-अबेर उसमें सफलता तो आपको मिलेगी ही।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -139

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. ख़ैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 138 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	वा	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

रायपुर में खुलेगा साइबर थाना

ऑनलाइन फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए छत्तीसगढ़ में विशेष थाना

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन क्राइम और साइबर क्राइम बढ़ रहा है। राज्य में विगत दिनों साइबर क्राइम के कई केस सामने आए है। ऑनलाइन बढ़ते अपराध को देखते हुए राजधानी रायपुर में प्रदेश का पहला साइबर सेल का रेंज थाना की शुरुआत होने वाली है। बता दें कि रायपुर के गंज परिसर में साइबर सेल का रेंज थाना खुलने जा रहा है।

पीएचक्यू से 80 लाख रुपये की स्वीकृति भी हो गई है। काम भी शुरू कर दिया गया है। अब ऑनलाइन फ्राड होते ही सीधे साइबर थाने में स्वृढक्र दर्ज होगी। इसके लिए अधिकारी भी नियुक्त किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार रायपुर के अलावा रेंज के महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार और धमतरी जिले के सभी थाना क्षेत्रों में होने वाले ऑनलाइन फ्राड और फाइनेंसियल फ्राड की जांच अब यहीं से होगी। रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने कहा, रेंज का साइबर थाना गंज परिसर में बनाया जा रहा है। जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा। साइबर फ्राड तेजी से बढ़ रहा है थाना बनने से आरोपितों को पकड़ने में मदद मिलेगी। वहीं जांच, विवेचना भी यहीं होगी। पीएचक्यू को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है।

क्या होगा साइबर थाने का कार्य

रायपुर ही नहीं, दूसरे जिलों के भी साइबर अपराध से संबंधित सूचनाओं पर यह थाना अपने विंग से समाधान का प्रयास करेगा। सभी संवेदनशील जगहों मसलन बैंक, सुरक्षा एजेंसी, नेटवर्किंग साइट्स आदि की मानिटरिंग का जिम्मा भी इसी थाने के पास होगा। दूसरे थानों में भी साइबर क्राइम से संबंधित शिकायतें (आइटी एक्ट) आएंगी तो उसे साइबर थाने में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इससे सामान्य थानों में पड़ने वाले अतिरिक्त लोड घट जाएंगे।

ऑनलाइन क्राइम में हुई है वृद्धि

राजधानी समेत राज्य में साइबर क्राइम की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले साल रायपुर में चार हजार से ज्यादा साइबर फ्राड हुए हैं। दो करोड़ से ज्यादा का फ्राड हुआ है। कई मामले सेटअप की कमी और संसाधनों के अभाव में अब भी सुलझाए नहीं जा सके हैं।

सीएम आज रखेंगे 1320 मेगावॉट सुपर क्रिटिकल पॉवर स्टेशन की आधारशिला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाई प्रदान करने 29 जुलाई को कोरबा में 1320 मेगावाट सुपर क्रिटिकलव थर्मल पॉवर स्टेशन कोरबा का शिलान्यास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रखेंगे। यह छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के मामले में सर्वोच्च बनाए रखने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। इससे छत्तीसगढ़ आने वाले भविष्य में अपनी आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर हो सकेगा।

कोरबा घंटाघर मैदान में कल 29 जुलाई को सुबह 10.30 बजे शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया है। इसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता 2978.7 मेगावाट है। राज्य स्थापना के समय उत्पादन क्षमता 1360 मेगावाट थी।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ जीरो पॉवर कट स्टेट बना हुआ है। प्रदेश में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास से बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र की स्थापना की जाएगी। यह 1320 मेगावाट का सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन प्रदेश का सबसे बड़ा और आधुनिक संयंत्र होगा। इससे एक ओर हम बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर होंगे दूसरी ओर रोजगार के नए सृजित होंगे। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में इसके लिए पर्याप्त भूमि है। यहां कन्वेयर बेल्ट से कोयले की सुगम परिवहन की सुविधा उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने 25 अगस्त 2022 को इस संयंत्र की स्थापना का निर्णय लिया था। जिस पर तेज गति से कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी आवश्यक अनुमति एवं स्वीकृतियां प्राप्त की। भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय से टर्म ऑफ रिफसेन्स और कोयला मंत्रालय से कोल आबंटन प्रदान कर दिया गया है, जिसके बाद इसके लिये भूमिपूजन का कार्यक्रम तय किया गया है। इन दोनों संयंत्रों से 2029 और 2030 तक बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

भूपेश सरकार की पहल प्रदेश के युवा बन रहे उद्यमी

■ **स्थापित कर रहे हैं खुद का व्यवसाय, 550 से ज्यादा युवाओं को 215 लाख रूपये की मिली आर्थिक मदद**

रायपुर/नवप्रदेश। युवाओं के अपने सपने होते हैं। उसे पूरा करने का उनके पास जुनून भी होता है। पढ़-लिख कर एक सफ्ल उद्यमी और व्यवसायी बनने की राह देख रहे युवाओं के लिए आर्थिक समस्या बाधा न बने इसके लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 में 553 युवाओं को बैंकों के माध्यम से ऋण प्रदान करते हुए 215.59 लाख रूपए का मार्जिन मनी अनुदान प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत युवाओं को व्यवसाय के लिए अधिकतम 2 लाख रूपए, सेवा उद्यम के लिए अधिकतम 10 लाख रूपए तथा विनिर्माण उद्यम के लिए अधिकतम 25 लाख रूपए तक का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है। आवेदक न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण हो। आवेदक की आयु आवेदन दिनांक को 18 से 35 वर्ष के मध्य हो। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, निःशक्तजन उद्यमी, नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्य एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आयुसीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की गई है।

स्कूल बस मालिकों के खिलाफ परिवहन विभाग सख्त

■ **रोड टैक्स जमा नहीं करने वाले 229 स्कूल बस मालिकों की संपत्ति होगी कुर्क**

रायपुर/नवप्रदेश। रोड टैक्स नहीं देने वाले 12 वर्ष पुराने 229 स्कूल बस मालिकों के खिलाफ अब परिवहन विभाग सख्ती करने जा रहा है। ऐसे बकायेदार मालिकों की चल-अचल संपत्तियों का ब्यौरा एसडीएम से मांगा गया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर समेत आरंग अभनपुर और तिल्दा-नेवरा एसडीएम को पत्र लिखकर रोड टैक्स के बकायेदार बस मालिकों का नाम, पता और मोबाइल नंबर सहित सूची भेजी गई है। पत्र में बताया गया है कि स्कूल बस के संचालकों ने पिछले 10 साल से करीब पांच करोड़ रुपए रोड टैक्स जमा नहीं किया है। इसकी वसूली करने के लिए बस मालिकों को सात अगस्त 2023 तक अंतिम मौका दिया गया है। निर्धारित अवधि में बकाया टैक्स जमा नहीं करने पर बस को जब्त कर नीलाम किया जाएगा।इसके बाद राशि बकाया होने पर उनकी चल-अचल संपत्तियों को कुर्क कर वसूली की जाएगी। दरअसल मई और जून महीने में पुलिस परेड ग्राउंड में लगाए गए स्कूल बसों की मैकेनिकल जांच शिविर में नहीं आने वाली बसों की जब परिवहन और यातायात पुलिस विभाग ने जानकारी खंगाली तब यह जानकारी सामने आई। परिवहन विभाग ने बकाया पांच करोड़ का रोड टैक्स वसूलने 229 स्कूल बसों के संचालकों को नोटिस जारी कर 30 जून तक बकाया टैक्स जमा करने का समय

दिया था। यह अवधि अब बीत चुकी है। लिहाजा सभी को नोटिस जारी किया गया। जारी नोटिस में केंद्रीय मोटरयान अधिनियम का हवाला देते हुए इनका उपयोग स्कूलों बसों के रूप में नहीं करने की चेतावनी भी दी गई है। निर्धारित अवधि में टैक्स जमा नहीं कराने पर भू राजस्व संहिता के तहत बसों के साथ ही अन्य चल-अचल संपत्तियों को सीज करने की चेतावनी दी गई थी। विभाग ने इन बसों को यात्री बस के रूप में संचालित करने की भी सलाह शैक्षणिक संस्थानों को दी है।

स्कूलों में चलाई जा रही 229 बसों का तीन से पांच साल का रोड टैक्स जमा नहीं किया गया है।प्रत्येक बस का औसतन 1.25 लाख रुपए से लेकर 2.50 लाख रुपए तक बकाया है।इन सभी की गणना करने के बाद प्रत्येक बस मालिक और स्कूल प्रबंधन को टैक्स जमा करने के सख्त निर्देश दिए गए है।30 जून तक टैक्स जमा नहीं करने पर बसों को सीज करने की कार्रवाई की जायेगी। परिवहन विभाग ने रायपुर,आरंग, अभनपुर और तिल्दा एसडीएम को पत्र लिखकर रोड टैक्स नहीं देने वाले 12 वर्ष पुराने 229 स्कूल बस मालिकों के चल-अचल संपत्तियों का ब्यौरा मांगा है।इसके बाद से सभी एसडीएम बस मालिकों की संपत्तियों की जानकारी जुटाने में लगे हुए है।

राजधानी से सटे कई गांव में बाढ़ की स्थिति

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में रात भर झमाझम बारिश के बाद कई गांव में बाढ़ की स्थिति है। सेजबाहर के आस पास के गांव सड़कों पर नाव चल रही है। ग्रामीणों के घर पानी में लगभग डूब गए है। इसके चलते आपदा की टीम ग्रामीणों का रेस्क्यू कर रही है। बता दें कि मौसम विभाग ने मध्यम बारिश की संभावना जताई है, कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ भारी बारिश की भी चेतावनी दी है। कहा जा रहा है कि रायपुर समेत आसपास के इलाकों में बादल छाए रहेंगे, दिन में गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। दक्षिणी ओडिशा के ऊपर निम्न दाब का सिस्टम बना है। वहीं बीती रात हुई बारिश से स्कूल मैदान डूब गया है, भाटागांव प्राथमिक शाला में पानी भरा है, बच्चों को पानी से होकर कक्षा तक जाना पड़ रहा है।

रेंज के नए आईजी और डीआईजी की सीएम ने ली बैठक

■ **जुआ, सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग और महिला सुरक्षा पर सख्त निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सुबह अपने निवास कार्यालय में प्रदेश के सभी रेंज के नए पुलिस महा निरीक्षको और उप महानिक्षको की बैठक लेकर प्रदेश में कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा भी उपस्थित थे। प्रदेश में कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा की समीक्षा की। जुआ-सट्टा, गुंडे-बदमाशों और ऑनलाइन गेमिंग पर कड़ाई से प्रभावी रोक लगाने के दिए निर्देश।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बैठक में प्रदेश में कानून और व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने गुंडों बदमाशों, सट्टा, जुआ और ऑन लाइन गेमिंग के संबंध में की जा रही कार्रवाई की जानकारी लेते हुए इन पर कड़ाई से प्रभावी रोकथाम लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा आज शाम 4 बजे पुलिस मुख्यालय में सभी रेंज के महानिरीक्षकों की बैठक लेकर मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की विस्तृत और गहन समीक्षा करेंगे।

प्रवक्ता विकास तिवारी बने सांसद प्रतिनिधि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्ति किया है। उन्होंने यह जिम्मेदारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी को दी है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। अपने आदेश में सांसद ने लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के दैनिक, प्रशासनिक और सामाजिक कामों के लिए वे विकास तिवारी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त करती हैं, जो उनकी अनुपस्थिति में सभी जरूरी जगहों पर उपस्थित होंगे। इस नियुक्ति के बाद विकास तिवारी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि वे राज्यसभा सांसद के जनता से जुड़े काम बेहतर तरीके से कर सकें। विकास ने यह जिम्मेदारी देने पर सांसद को धन्यवाद दिया है।

ओडिशा के कलाकार की सीएम ने की सराहना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (छत्तीसगढ़ ईकाई) के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष श्री नितिन चौबे ने रायपुर जिले की कार्यकारिणी के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ओडिशा से लाई गई पट्टचित्र पेंटिंग भेंट की। बीएसपीएस के प्रदेश अध्यक्ष नितिन चौबे ने मुख्यमंत्री को बताया कि रघुराजपुर ओड़िसा के पुरी जिला का ''विरासत हस्तशिल्प गांव'' है। 160 कलाकार का यह गांव पूरी तरह से सुंदर पट्टचित्र की कलाकारी और तालपत्रों पर चित्रकारी के लिए प्रसिद्ध हैं, चित्रकारी के लिए उन्हें कई राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके

हैं। यह कलाकृति 2016 में राष्ट्रीय गोल्ड मेडल पुरस्कार प्राप्त चित्रकार गोपाल दास द्वारा बनाई गई है। कलाकृति में इस्तेमाल कागज और रंग सभी प्राकृतिक हैं। पट्टचित्र जिस मोटे कागज पर बना है वह इमली के बीज के साथ कुछ पेड़ों की छाल को मिलाकर बनाया गया है। वहीं पेंटिंग में इस्तेमाल सफेद रंग सीपी को पीसकर तैयार किया गया है। काला रंग काजल का है तो अन्य रंग विविध प्रकार के फूलों और पेड़ों की पत्तियों से तैयार किए गए हैं। इस नायाब कलाकृति में सम्पूर्ण रामायण को चित्रकारी के जरिये उभारा गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सुखनंदन बंजारे और कोषाध्यक्ष श्री गंगेश कुमार द्विवेदी ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रादेशिक सम्मेलन में आमंत्रित किया।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 552 पाव देशी शराब, स्विफ्ट कार व एक्टिवा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस के टीम ने टाटीबंध शराब दुकान के पास एक्टिवा में शराब ले जाते आरोपी आकाश साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक्टिवा व 60 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह आरंग पुलिस ने महासमुंद तिराहा के पास स्विफ्ट कार क्रमांक 12 डी 9268 में सवार आरोपी केशव दाव वैष्णव 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

भूपेश केबिनेट के मंत्रियों के जिला प्रभार में फेरबदल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की मशक्कत जारी है। भूपेश केबिनेट के मंत्रियों के जिम्मेवाले जिलों का प्रभार अचानक बदल दिया गया है। तत्संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने दर्जन भर मंत्रियों के जिले के प्रभार में बदलाव किया है। कल 27 जुलाई गुरुवार की देर रात यह आदेश जारी हो गया है, नया प्रभार इस प्रकार है -

मंत्री	प्रभार जिला
टीएस सिंहदेव उप मुख्यमंत्री	बेमेतरा, कबीरधाम ।
ताम्रध्वज साहू	महासमुंद, बिलासपुर जिला ।
रविंद्र चौबे	रायपुर, रायगढ़
मोहम्मद अकबर	दुर्ग, बालोद
कवासी लखमा	बस्तर, दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागांव,नारायणपुर
शिव डहरिया	सरगुजा, बलरामपुर-रामानुजगंज, सूरजपुर,कोरबा।
अनिला भेंडिया	उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी।
गुरु रूद्रकुमार	मुंगेली सुकमा
जयसिंह अग्रवाल	जांजगीर-चांपा, गौरेला-पेड्रा- मरवाही, सक्ती
उमेश पटेल	बलौदाबाजार, भाटापारा, सारंगढ़-बिलाईगढ़, जशपुर ।
अमरजीत भगत	राजनांदगांव गरियाबंद,खैरागढ़- छुईखदान - गंडई, मोहला मानपुर - अंबागढ़ चौकी

सुरक्षा में कटौती का मामला राजभवन पहुंचा

■ **बीजेपी के पूर्व विधायकों ने लगाया सरकार पर गंभीर आरोप, कहा जानबूझकर सुरक्षा में कटौती**

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर क्षेत्र के बीजेपी विधायकों ने राज्य सरकार पर जानबूझकर सुरक्षा में कटौती का आरोप। पूर्व ख्रु सुभाऊ कश्यप, भोजराज नाग, पिंकी ध्रुव, लच्छू राम कश्यप सहित 5 पूर्व ख्रु ने राज्यपाल से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग। पूर्व विधायक भोजराज नाग ने भूपेश सरकार पर आरोप लगाया है कि सुरक्षा में जानबूझकर कटौती कर सरकार हमको डराना चाहती है, हम धर्मांतरण के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं, इसलिए सरकार को हजम नहीं हो रहा। बता दें कि नक्सल प्रभावित बस्तर में पूर्व में भी माओवादियों ने कांग्रेस और बीजेपी नेताओं को टारगेट किया है। अभी चुनावी वर्ष है और नेताओं के जनसंपर्क में तेजी आने के साथ साथ नक्सली हमले का भी खतरा बढ़ जायेगा।

बृजमोहन अग्रवाल ने किया पांच सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड मठपुरैना में 5 सामाजिक, सामुदायिक भवनों का एवं एक शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। अग्रवाल ने भैरव नगर में 5 लाख की लागत से निर्मित शेड निर्माण, गोकुल नगर में 5 लाख की लागत से छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा शिल्पकार समाज सामुदायिक भवन, गोकुल नगर में 5 लाख की लागत से छत्तीसगढ़ विश्कर्मा झेरिया लोहार समाज के सामूदायिक भवन का भूमिपूजन, मठपुरैना में 10 लाख की लागत से छत्तीसगढ़ धीवर समाज सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमि पूजन, मठपुरैना में 8 लाख की लागत से

छत्तीसगढ़ यादव समाज सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष का पूजन व मठपुरैना में 5 लाख की लागत से कुम्हार समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह व सामाजिक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर शहर का विकास पीछले साढ़े 4 सालों में रुक सा गया है। कांग्रेसी सरकार ने रायपुर को खोदापुर, चाकूपुर व नशापुर बना दिया है। चारों तरफबस्तियों में नशे का अवैध कारोबार हो रहा है।

मैक्स हॉस्पिटल के विशेषज्ञ अब उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में देंगे सेवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। सर्वश्रेठ चिकित्सा एवं सर्वश्रेस्ट चिकित्सक के उद्देश्य हेतु उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल हमेशा छत्तीसगढ़ की जनता हेतु सदैव तत्पर रहेगा यह बात उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने कही। डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया की उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल का उद्देश्य सर्वश्रेठ चिकित्सक उपलब्ध करवाना है और उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल भारत के सर्वश्रेठ चिकित्सा संस्थानों से चिकित्सक अपने हॉस्पिटल में बुलवाते हैं जिससे छत्तीसगढ़ की जनता को बड़े शहरों का रुख ना करना पड़े। उन्हें बड़े शहरों की चिकित्सको की उपलब्धता रायपुर में ही प्राप्त

हो सके। इसी कढ़ी में आज मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के सर्वश्रेठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत भाटिया और डॉ भूपेंद्र भारती उपस्तिथ ह। डॉ विनीत भाटिया की गिनती भारत के सर्वश्रेठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ के रूप में की जाती है। डॉ भाटिया साउथ एशिया के बड़े चिकित्सक संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसी प्रकार डॉ भूपेंद्र भारती वरिष्ठ रोबोटिक स्पाइन सर्जन हैं जो की मिनिमल इनवेसिव लप्रोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी करते हैं। डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया की यह अत्यंत हर्ष का विषय है की भारत के सर्वश्रेष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ भाटिया एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ भूपेंद्र भर्ती रायपुर के उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में उपस्तिथ हुए हैं। डॉ विनोद कुमार सिंह ने आगे बताया की इनकी सेवाएं प्रति माह उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगी।

पर्यवेक्षक ने चल रहे कार्यों पर जताया संतोष

■ आयुक्त मनरेगा के निर्देश पर प्रति माह जिलों में हो रहे कार्यों के निरीक्षण के लिए आएंगे अधिकारी

कोरिया/एमसीबी/नवप्रदेश। आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा रायपुर रजत बंसल के निर्देश पर राज्य कार्यालय के अधिकारी ने कोरिया एवं एमसीबी जिले का दो दिवसीय भ्रमण कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत हो रहे कार्यों का अवलोकन किया। अपने भ्रमण के दौरान उक्त अधिकारी ने मिशन अमृत सरोवर के तहत हुए जल संचय के कार्यों के अतिरिक्त अन्य संरचनाओं, निर्माण कार्य का अवलोकन किया और निरीक्षण में सब कुछ सही पाकर योजनांतर्गत हो रहे कार्यों के निष्पादन पर संतोष जताया। विदित हो कि महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त रजत बंसल ने राज्य की टीम के सभी अधिकारियों को प्रतिमाह एक अलग जिले का भ्रमण कर कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस अनुक्रम में गत माह संयुक्त आयुक्त श्री संतोष ठाकुर ने कोरिया एवं एमसीबी जिले का निरीक्षण किया था। गत दिवस राज्य कार्यालय से हिमाचल वर्मा दोनों जिले के भ्रमण पर आए और विभिन्न कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। अपने निरीक्षण भ्रमण के पहले राज्य स्तरीय अधिकारी ने सबसे पहले कोरिया जिले के विकासखण्ड बैकुण्ठपुर और सोनहत के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर एमआईएस के फोकस इंडीकेटर पर प्रगति के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इसके पष्चात उन्होने ग्राम पंचायत चेरवापारा, ग्राम पंचायत उमझर, ग्राम तिलवनडांड, ग्राम पंचायत आनी, जमगहना में अमृत सरोवरों के प्रगति का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होने नवीन पंचायत भवन कार्य, कूप निर्माण, ब्लाक प्लांटेषन कार्यस्थलों का भ्रमण कर कार्य की प्रगति देखी। प्रथम दिवस बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों के भ्रमण के बाद श्री वर्मा ने सोनहत जनपद पंचायत के मुख्यालय ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर कार्यों के अतिरिक्त ग्राम पंचायत पोंड़ी में जाकर वनाधिकार पत्रकधारियों के लिए कराए जा रहे सामूहिक कार्यों का अवलोकन किया और हितग्राहियों से मजदूरी भुगतान आदि की जानकारी प्राप्त की।

अपने निरीक्षण भ्रमण में वर्मा ने दूसरे दिन एमसीबी जिले के जनपद पंचायत खड़गंवा का भ्रमण कर कार्यों का जायजा लिया। यहां उन्होने ग्राम पंचायत दुबछोला में अमृत सरोवर अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य, ओपन वर्किंग षेड कार्य, ग्राम पंचायत खड़गंवा में इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य मुख्यमार्ग से रामकुमार के घर तक, ग्राम पंचायत पोड़ीडीह में सामुदायिक ष्षौचालय निर्माण कार्य, अमृत सरोवर कार्यों का निरीक्षण किया गया। इसके पष्चात उन्होने जनपद पंचायत के सभाकक्ष में जनपद के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर एमआइएस की प्रगति पर समीक्षा कर आवष्यक सुझाव दिए। खड़गंवा के भ्रमण के बाद वर्मा ने जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ पहुंचकर ग्राम पंचायत बंजी के अमृत सरोवर कार्य के साथ ग्राम पंचायत चैघड़ा के आवासीय परिसर में हुए पौधारोपण कार्य, नवीन ग्राम पंचायत कार्यालय भवन निर्माण कार्य और ग्राम पंचायत लाई का निरीक्षण कर कार्यों का अवलोकन किया और सभी कार्यों की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। वर्मा के साथ कोरिया एवं एमसीबी जिले के भ्रमण के दौरान सहायक परियोजना अधिकारी आरिफ रजा, समन्वयक षिकायत निवारण विकास अवधिया, जनपद पंचायत में मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी व सर्वसंबंधित उपस्थित रहे।

विधानसभा निर्वाचन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण हो : कलेक्टर

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी, संजय अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक एलेसेला के उपस्थिति में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना प्रभारी की बैठक ली गई जिसमें जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों प्रेमनगर 04, भटगांव 05, प्रतापपुर 06 में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिसमें क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की जानकारी वल्नेरेबिलिटी में निर्वाचन अवधि, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के तहत की गई जसी की कार्यवाही, निवारक कार्यवाही, शराब की बिक्री पर रोक, लाइसेंसी हथियार ले जाने पर प्रतिबंध, शस्त्र लाइसेंस जारी करने पर रोक, बिना लाइसेंस वाले हथियारों की जब्ती, लाइसेंसी हथियारों को जमा कराये जाने का परिवहन मतदान केंद्र, मतगणना केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था एसएमएस और सोशल मीडिया प्लेटफार्म के दुरूपयोग पर रोक, चुनावी अपराधों पर की जाने वाली कार्यवाही, क्रिटिकल मतदान कन्द्रो पर बल की तैनाती के संबंध में आवष्यक दिषा निर्देष दिए गए।

मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

दतिमा मोड़/नवप्रदेश। करंजी चौकी परिसर में शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। करंजी चौकी प्रभारी प्रवीण राठौर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों तथा मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम का पर्व मनाये जाने को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक को संबोधित करते हुए चौकी प्रभारी प्रवीण राठौर ने कहा कि यहां हर पर्व त्यौहार मिलजुलकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की परंपरा रही है। हमें उस परंपरा को कायम रखना है। अफ्वाहों पर ध्यान नहीं देना है। किसी तरह की अफ्वाह की जानकारी मिले तो तुरंत उसकी सूचना हमे दे और कहा कि मुहर्रम के दौरान असामाजिक तत्वों पर हमारी कड़ी नजर रहेगी। सघन गश्ती के साथ चिन्हित जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। हर एक संदिग्ध व्यक्ति पर नजर रखी जाएगी शांति में अशांति फैलाने बाले असमाजिक तत्वों पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफ्वाह पोस्ट करने पर असामाजिक तत्वों के कारण आपसी भाईचारा में कमी आ रही है। इसलिए गलत पोस्ट करने वालों का मुझे जानकारी देवें।

इस बैठक में इसराइल खान, उपसरपंच जहांगीर हसन, बॉबी सिंह, दीपक जायसवाल, जावेद खान, सुलेमान, शरीफ अंसारी, मोहिबुल हसन, अयूब खान, मुमताज खान, जुनेद अंसारी, सदाकत खान, मकबूल अंसारी, राजेश राजवाड़े व अन्य उपस्थित रहे।

2 अगस्त को मतदाता सूची का होगा आरंभिक प्रकाशन

रायगढ़/नवप्रदेश। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त को किया जाएगा। इस दिन सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने इस संबंध में सभी एसडीएम और सीईओ जनपद को पत्र जारी कर विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर उसमें प्रकाशित मतदाता सूची के वाचन के निर्देश दिए हैं।

विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निवार्चन को दृष्टिगत रखते हुए 05 बैंच में तीन दिवस समस्त अभिहित अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं बूथ लेवल आफिसर्स को जनपद पंचायत लोरमी के सभाकक्ष में द्वितीय विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में सघन प्रशिक्षण दिया गया। लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लोरमी श्रीमती पार्वती पटेल ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 02 अगस्त को समस्त मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 31 अगस्त तक निर्धारित प्रारूप में सभी मतदान केन्द्रों में दावा-आपत्ति मंगाए जाएंगे। इस दौरान 12, 13, 19 व 20 अगस्त को बूथ स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि 01 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म 06, मृत-डुप्लीकेट या स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन के लिए फार्म 07 तथा पूर्व में पंजीकृत मतदाता विवरण में किसी प्रकार के संशोधन या स्थानांतरण के लिए फार्म 08 भरा जाएगा।

विधायक कमरो ने किया एक पौधा श्रीराम के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ

■ सीतामढ़ी-हरचौका की पवित्र मिट्टी से होगा माता कौशल्या धाम परिसर में रोपण

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो क्षेत्रभ्रमण के दौरान गुरूवार को सीतामढ़ी-हरचौका पहुँचे। वे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप सीतामढ़ी-हरचौका में 94.3 माय एफ एम रेडियो, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड एवं दैनिक भास्कर द्वारा राम वन गमन पर्यटन परिपथ हरचौका में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में 'एक पौधा लगाएं श्रीराम के नाम का' के तहत पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राम वन गमन पथ में हुए प्रभु श्री राम के ठहराव वाले स्थानों से मिट्टी कलेक्शन के तहत विधायक गुलाब कमरो ने मिट्टी उठाने का शुभारंभ किया और वृक्षारोपण रथ को भी रवाना किया। इस पावन धरा की पवित्र मिट्टी को एकत्र कर माता कौशल्या धाम परिसर चन्द्रखुरी में पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम श्री मूलचंद चोपड़ा, तहसीलदार श्री विप्लव श्रीवास्तव, क्षेत्र के सम्मानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

एसडीएम ने समस्त स्कूलों के प्राचार्यों की ली समीक्षा बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2022-23 के परिणाम के मूल्यांकन के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के द्वारा 14.07.2023 को समस्त स्कूलों के प्राचार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया जिसके अनुसार जिन विषयों में विद्यार्थियों का औसत प्राप्तांक अंक निम्नतम है उन विषयों के शिक्षक एवम जिन विद्यालयों के सकल औसत निम्न है उनके प्राचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी कर 1 अगस्त 2023 के पूर्व जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिन्हें नोटिस जारी किया गया उनमें प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जूनापारा राजपूर, मेंड्रा हरदी सकर्रा खम्हरिया एवं 17 विषय शिक्षक शामिल है।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने जिला न्यायालय का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा ने आज जिला न्यायालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला न्यायालय भवन तथा पुराने तहसील भवन में व्याप्त गंदगी को देखकर नाराजगी व्यक्त की और वहां व्याप्त अव्यवस्थाओं को 15 दिवस के भीतर दुरूस्त कर साफ-सफाई कराने के सख्त निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा,जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले, पुलिस अधीक्षक एवं अपर कलेक्टर उपस्थित थे।

एसडीएम पहुंचे कल्याणी घरौंदा केंद्र

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार मुंगेली एसडीएम सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो ने समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बिलासपुर सड़क मार्ग पर गीधा में संचालित कल्याणी घरौंदा केंद्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां आवासीय सुविधा में रह रहे मानसिक दिव्यांग बच्चों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने बच्चों के लिए घरौंदा केंद्र में शिक्षा, खेलकूद, नाश्ता, भोजन की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने बच्चों की शिक्षा का स्तर भी परखा। उन्होंने पढ़ाई के दौरान गणित, हिंदी व अंग्रेजी वर्णमाला लेखन में बच्चों द्वारा किए गए अभ्यास पुस्तिका का अवलोकन कर सराहना की। उन्होंने बच्चों को बिस्किट और पुष्प प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा ऐसे निःशक्तजन बच्चों जो आटिज्म, सेलेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और एकाधिक बहुनिःशक्तता से ग्रसित हों, उन्हें संस्थागत आश्रय सुनिश्चित करने और देखरेख की मानक सेवाएं प्रदान करने के लिए घरौंदा केंद्र की स्थापना की गई है। इसका लाभ जिले के अधिक से अधिक मानसिक दिव्यांगजनों को मिलना चाहिए। घरौंदा कल्याणी आश्रम के संचालक अजय कल्याणी ने बताया कि घरौंदा केन्द्र में वर्तमान में 25 बेड की व्यवस्था की गई है। यहां रहने वाले मानसिक दिव्यांगजनों को योगाभ्यास एवं व्यायाम (विभिन्न थैरेपी) के साथ शैक्षणिक, नैतिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण, भोजन, दवाई, खेलकूद, मनोरंजन की सुविधा उपलब्ध जा रही है। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती शारदा जायसवाल ने बताया कि घरौंदा कल्याणी आश्रम में प्रवेश हेतु पंजीयन 31 जुलाई तक कराया जा सकता है। जिसमें प्रवेश के लिए दिव्यांगजन या उनके अभिभावक घरौंदा कल्याणी आश्रम में संपर्क कर सकते है।

मोहर्रम पर बंद रहेगी सभी शराब दुकानें

कोरबा /नवप्रदेश। जिले में 29 जुलाई 2023 मोहर्रम के अवसर पर शासन ने शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने जिले की सम्पूर्ण देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें एवं एफएल. 3, एफएल 3 क, मद्यभण्डारगृह तथा भांग घोटा की फुटकर दुकान को 29 जुलाई 2023 को मोहर्रम के अवसर पर पूर्णतः बन्द रखने का आदेश जारी किए हैं। उन्होंने उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करने एवं अवैध शराब परिवहन विक्रय एवं संग्रहण के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सूरजपुर/नवप्रदेश। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर में एन.एस.एस. स्वीप इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय मतदाता जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. एच.एन.दुबे के उद्बोधन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मास्टर ट्रेनर श्री सी.बी. मिश्रा तथा श्री दिग्विजय सिंह ने स्वीप प्रोग्राम वोटर हेल्पलाइन एप तथा संभाग में आयोजित किये जा रहे, चला संगी वोट देहे का विस्तृत वर्णन किया। इस अवसर पर एन.एस.एस. जिला सूरजपुर के डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर चंद्रभूषण मिश्रा ने पहली बार मत देने वाले विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई। एन.एस.एस. इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर सुश्री पुजांजली भगत ने आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी के संबंध में प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक प्राध्यापक श्री पुनीत गुप्ता ने लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का महत्व के संबंध में विद्यार्थियों के साथ सारगर्भित जानकारी साझा की गई।

अनुकम्पा नियुक्ति के लिए दावा-आपत्ति

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग के मृत शासकीय सेवकों के आश्रितों द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों पर दावा-आपत्ति 07 दिवस के भीतर आमंत्रित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला ठकुरीकापा के सहायक शिक्षक स्व. रघुनाथ सिंह मरावी के पुत्र धनंजय मरावी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू के व्याख्याता स्व. भरतलाल ध्रुव की पत्नी श्रीमती सीता देवी ध्रुव, शासकीय प्राथमिक शाला घठोलीपारा के प्रधानपाठक स्व.बलराम जायसवाल के पुत्र गिरिजा शंकर जायसवाल और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोरमी के व्यायाम शिक्षक स्व.विदेशीराम कैवर्त के पुत्र रामकिशोर कैवर्त द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन दिया गया है। आवेदनों पर दावा-आपत्ति करने के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि समय-सीमा के समाप्ति के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आया सीजन भुट्टों का, आवक बढ़ी

मुंगेली/नवप्रदेश। बरसात के दिनों में गरमा-गरम भुट्टे खाने का एक अलग ही मजा है। रिमझिम बारिश के बीच समोसे, जलेबी व दूसरी चटपटी चीजों को दूर किनारे करते हुए लोग आज कल मक्का के भुट्टों को खाने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। चैक-चैराहों में ठेलों पर भुट्टे भुंनते हुए देखकर लोग अपने आप को रोक नहीं पाते। बरसात के मौसम में भुट्टे बाजार एवं चैक-चैराहों में लोगों की पसंद बन गए हैं। सड़क किनारे जमीन पर या ठेले पर कोयलों पर भुनते पीले रंग के भुट्टे की सौंधी खुशबू से हर किसी का मन ललचा उठता है। बारिश की हल्की फुहारों में राह चलते नींबू-काला नमक लगे गर्म-गर्म भुट्टे खाने का तो मजा ही अलग है। इतना ही नहीं, यह हमारी सेहत को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। आयुर्वेद ने तो औषधीय गुणों को देखते हुए इसे बेहतरीन अनाज का दर्जा दिया है। भुट्टा ऐसा अनाज है जिसे पकाने के बाद भी उसके पौष्टिक और एंटी ऑक्सीडेंट गुण नष्ट नही होते, बल्कि बढ़ जाते हैं और शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं।

मुख्य सचिव के दिशा-निर्देशों का अधिकारी करें अनुसरण : कलेक्टर

सूरजपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में सभी जिलों के कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों के साथ पांच प्रमुख एजेंडा पर बैठक रखी गयी थी। जिसमें राज्य में समस्त सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने, आजादी का अमृत महोत्सव का समापन ''मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम के संबंध में, वर्तमान वर्षा ऋतु में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के त्वरित सुधार कार्य व गड्ढों के भरने के संबंध में, वर्षा ऋतु के समाप्ति के पश्चात क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार कार्य की कार्य योजना व पूर्व तैयारी के संबंध में तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की कार्य योजना के संबंध में बिंदुवार चर्चा की गई। वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्य सचिव व संबंधित अन्य विभाग के सचिवों द्वारा दिये गए सुझाव पर जिले के संबंधित विभाग के अधिकारी योजनाबद्ध तरीके से युद्ध स्तर पर कार्य करें, इसके लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सुव्यवस्थित कार्य योजना के अंतर्गत कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के एजेंडा पर उपस्थित अधिकारियों को सर्वप्रथम अपने अधीनस्थों के साथ मीटिंग कर एक रूपरेखा तैयार करने और उसके सफल क्रियान्वन के लिए रणनीति बनाने की बात कही।

सर्वश्रेष्ठ दीदियां हुईं सम्मानित

लटोरी/नवप्रदेश। भटगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आजीविका मिशन क्लस्टर लटोरी एवं सिलफिली के 24 पंचायत के 80 कैडर दीदीओ को पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने श्रीफल रजिस्टर पेन एवं प्रधानमंत्री मोदी का फोटो भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुरुवात मितानिनो ने समुह स्वागत गीत से किया। अतिथियो का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया तत्पश्चात कैडरों ने अपना प्रस्तावना रखते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के पंचायत विभाग के अंतर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के सभी कैडर पूर्ण निष्ठा ईमानदारी से काम कर रहे हैं 20 से 30 गांव होते हैं जहा जाकर काम करना पड़ता है इसमें 8 घंटे से अधिक समय लगता है एवं आने जाने का कोई भत्ता नहीं दिया जाता है। पीआरपी के लिए नियम बनाया गया है कि उन्हें अपने गृह जिले के अलावा अन्य जिले में काम करना होगा नए जिले में जाकर रहने के मकान किराया और अन्य खर्च इतने कम मानदेय में कतई संभव नहीं है सभी कार्य एंड्रॉयड मोबाइल से कराया जाता है। जबकि इतने अल्प मानदेय में मोबाइल उनका मासिक खर्च करना संभव नहीं है वर्तमान में हम लोग अति अल्प मानदेय में काम कर रहे हैं वह इस प्रकार है टीआरपी 13000 एप्पल सीआरपी 5000 हजार आरबीके 22 सौ रूपये, बैंक मित्र 25 सौ रूपये महिला कृषि मित्र पशु सखी 15 सो रुपए मिलता है। इसके बावजूद मासिक मानदेय नियमित रूप से नहीं मिलता है हमारा कार्य पूर्ण कालीन है और कोई अवकाश नहीं दिया जाता है यहां तक कि रविवार के दिन भी हमें काम करना पड़ता है हमारा पूरा वेतन इस कार्य को करने में ही खर्च हो जाता है सरकार के द्वारा पूर्व में मानदेय बढ़ाने की बात कही गई थी किंतु आज तक मानदेय नहीं बढ़ाया गया इस पर विचार करें। कैडर दीदियों ने कहा कि आज तक हमें कोई सम्मानित नहीं किया है पहली बार गिरीश गुप्ता के द्वारा हमें सम्मानित किया जा रहा है हम अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं हम सदैव आपके आभारी रहेंगे गिरीश गुप्ता ने अपने उद्बोधन मे कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन गरीब महिलाओं के लिए संजीवनी साबित हो रही है हमारी माताएं बहने आत्म निर्भर बन रही है हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं ग्रामीण परिवेश में मुश्किलों से अपने परिवार का जीवन यापन करने वाली महिलाएं अब शस्क्त बन रही है अब महिलाएं समाज को नई दिशा दे रही हैं आजीविका मिशन के तहत विभिन्न वर्ग जाति समाज की गरीब महिलाएं स्वयं सहायता समूह और उनके संघों में शामिल होती हैं जो अपने सदस्यों को उनकी आय और जीवन गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आर्थिक एवं सामाजिक सेवा प्रदान करते हैं और आजीविका मिशन बिहान के सभी महिलाएं सभी कार्य पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करती हैं हमारी टीआरपी सीआरपीसी में दिन रात मेहनत करती हैं इसके बावजूद इन को समय पर वेतन नहीं मिलता है मैं अपने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से चर्चा करूंगा साथी आपके मानदेय बढ़ाने के लिए जिस जगह पर संघर्ष करना पड़ेगा मैं आपके साथ हूं।

मजदूरों की भविष्य निधि की राशि जमा नहीं, छमुमो का प्रदर्शन

कुम्हारी/नवप्रदेश। युगबोध आफसेट प्रा. लि. कुम्हारी द्वारा मजदूरों की भविष्य निधि की राशि जमा नहीं की जा रही थी इसलिए केमिकल्स मजदूर यूनियन के माध्यम से कंपनी के मजदूर तथा छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के समर्थक श्रमिकगण द्वारा संस्थान के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। श्रमिक कुम्हारी बाजार चौक में एकत्रित होकर वहां से छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े के नेतृत्व में रैली निकाली जो घासीदास नगर, कांजी हाऊस चौक होकर जी. ई. राष्ट्रीय राजमार्ग से युगबोध आफसेट कंपनी के सामने पहुंची। ।मजदूरों द्वारा न्यायालय से मिले विजयी निर्णय की प्रसन्नता में श्रमिकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर स्वागत किया तथा फटाखे फोड़कर मिठाईयां बांटी । धरना स्थल पर हुई सभा को कामरेड भीमराव बागड़े के अलावा एक्टू से ब्रिजेन्द्र तिवारी, ए.जी. कुरैशी, धनंजय शर्मा, भोजराम साहू, हेमंत भारती, दिनेश गुप्ता आदि वक्ताओं ने संबोधित किया । वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक राधा सोनकर सहित 25 श्रमिक जो कि विगत 8-10 वर्षो से संस्थान में कार्यरत है । कंपनी द्वारा मजदूरों की भविष्य निधि की राशि जमा नहीं की जा रही थी इसलिए केमिकल्स मजदूर यूनियन के माध्यम से भविष्य निधि कार्यालय में शिकायत की गई थी । भविष्य निधि न्यायालय में चली लम्बी सुनवाई के पश्चात 37, 44484/- रू. जमा करने का आदेश दिनांक 08.08.2022 को पारित किया गया जो प्रत्येक श्रमिकों के नाम से करीब 1,84000/- रू. जमा किया जाना है लेकिन कंपनी द्वारा उल्लेखित राशि कंपनी के खाते में जमा तो किया गया, किन्तु श्रमिकों के खातों में राशि जमा नहीं किया गया । इसलिए श्रमिकों द्वारा धरना देकर राशि जमा कराये जाने हेतु जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार रवि विश्वकर्मा को सौंपा । किसी भी विषम परिस्थितियों को संयमित करने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन के थाना प्रभारी केशव कोसले के नेतृत्व में सजगता से डटे। इस धरना प्रदर्शन का संचालन तुलसी देवदास व पुनाराम साहू ने किया ।

> हमारा निवेदन है कि न्यायालय द्वारा पारित निर्णय का परिपालन कर संस्थान श्रमिकों को जो उनके अधिकार हैं भविष्य निधि की राशि प्रत्येक श्रमिकों के नाम पर उनके खातों पर जमा किया जाए। यदि युगबोध आफसेट प्रा. लि. कंपनी न्यायालय के निर्देश का तत्काल पालन नहीं करती है तो भविष्य में श्रमिकों द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा । ऐसी स्थिति ना बन पाए इसलिए आज हमारे द्वारा एक ज्ञापन जिलाधीश दुर्ग एवं पुलिस अधीक्षक को नायब तहसीलदार के माध्यम से सौंपा गया है ताकि इस पर शीघ्र उचित कार्यवाही हो सके।
>
> **भीमराव बागड़े,** अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा

एक करोड़ की लागत से चार हमर क्लीनिक का होगा निर्माण

■ **जनसमान्य को स्वास्थ्य से संबंधित सभी सुविधाएं मिलेगी मुफ्त : वोरा**

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है जिसके तहत् हमर क्लीनिक (अरबन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (यूपीएसएसी) के द्वारा वार्डो के 20 मोहल्लों में किया जा रहा है। संचालन इन क्लीनिकों को अपग्रेड और निर्माण करने पर 25-25 लाख की राशि खर्च की जा रही है। जिसके तहत् बुखार, डायरिया व बीपी शुगर सहित सामान्य रोगों के मरीजों को घर के द्वार में ईलाज की सुविधा मिलेगी। एमबीबीएस चिकित्सक व नर्स के साथ 5 लोगों का स्टाप उपलब्ध रहेगा। क्लीनिक में पहुंचने वाले सभी लोगों को जांच व दवा का लाभ निःशुल्क मिलेगा। वर्तमान में बोरसीभाठा, गुरुघासीदास वार्ड, सतनाम भवन, कातुलबोर्ड, तितुरडीह, पुलगांव, पोलसाय पारा, मरारपारा, शांतिनगर उरला, करहीडीह, शंकरनगर में हमर क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। विधायक अरुण वोरा द्वारा इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पद्मनाभपुर, मिलपारा, नयापारा, गजानंद नगर में एक करोड़ की लागत से नवीन बनने वाले हमर क्लीनिक का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्री वोरा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मोहल्ले स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा के लिए हमर क्लीनिक योजना की शुरुवात की है। इस अस्पताल में जनसामान्य को स्वास्थ्य से संबंधित सभी जरुरी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध होगी। वार्डो में पहुंच रहे महिलाओं के लिए दाई-दीदी मोबाइल यूनिट। 75 लाख से पोटिया व 75 लाख की लागत से पटरीपार में आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु नवीन भवन का निर्माण किया गया। मरीजो को कम दूरी व कम समय में उचित ईलाज मिलेगा। भूमिपूजन में पार्षद श्रद्धा सोनी, राजेश शर्मा, कृष्णा देवांगन, सुशील भारद्वाज, राजकुमार पाली, हिमांशु सिन्हा, शिवकुमार वैष्णव, डॉ. राजेन्द्र खण्डेलवाल, ललित वर्मा उपस्थित थे।

निधन

कस्तूरी देवी अग्रवाल

दुर्ग/नवप्रदेश। वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद अग्रवाल की माता कस्तूरी देवी अग्रवाल का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 29 जुलाई को उनके निवास 41/5 मैत्रीकुंज वेस्ट रिसाली से मुक्तिधाम के लिये सुबह साढ़े 9 बजे निकलेगी।

शेर अली

कुम्हारी/नवप्रदेश। निकटवर्ती ग्राम कंडरका निवासी प्रसिद्ध लोक गीतकार व संगीतकार शेर अली का गुरुवार को इंतकाल हो गया ।वे शेरअली रामायणी के नाम से प्रसिद्ध थे। वे भारत भवन में रहे तथा हडुवा नाच पार्टी के हारमोनियम मास्टर गायक भी रहे सूफ़ियाना गायक शेर अली के आकस्मिक निधन से गांव ही नहीं पूरे कला जगत में शोक की लहर है। जाने-माने संगीतज्ञ जनाब शेर अली छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश मे लोग उन्हें उनकी कला के माध्यम से जानते है ।

नंदकुमार सेन की अध्यक्षता में नाई समाज की चुनावी बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। सर्व सेन नाई समाज चुनाव समिति की बैठक बिलासपुर के मंगला चौक में आहूत की गई जिसमें बिलासपुर संभाग, सरगुजा संभाग के जिला अध्यक्ष सहित केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्व सेन नाई समाज प्रदेश चुनाव हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी श्री मुन्ना श्रीवास खम्मन लाल शांडिल्य को नियुक्त किया गया एवं उपस्थित समाजिक जनों की चर्चा उपरांत सर्व सेन नाई समाज का कार्यवाहक अध्यक्ष अविनाश ठाकुर सरगुजा को नियुक्त किया गया एवं प्रांतीय चुनाव को सितम्बर माह तक संपन्न कराने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष नंद कुमार सेन उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास, सदस्य शीत श्रीवास, सदस्य धनुष सेन, छत्तीसगढ़ प्रांत सर्व सेन नाई समाज प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार सेन प्रदेश सचिव बी.एल कौशिक सम्माननीय गौरीशंकर श्रीवास मोना सेन, पुनीत सेन लक्ष्मी नारायण सेन राजेश श्रीवास राजू श्रीवास राजकुमार श्रीवास अमित श्रीवास बबलू श्रीवास आनंद श्रीवास द्वारिका श्रीवास आनंद श्रीवास लोरमी कपिल श्रीवास लोरमी दिलीप श्रीवास रवि श्रीवास अंकित श्रीवास अश्वनी श्रीवास शिव श्रीवास कोटा राजेश श्रीवास कोटा मणिशंकर श्रीवास मस्तूरी मोहन श्रीवास सुनील श्रीवास मन्नूलाल चंद्रसेन शालिक्राम भारद्वाज अविनाश कुमार ठाकुर पारसनाथ ठाकुर उमा शंकर ठाकुर रामाशंकर ठाकुर अजय ठाकुर नित्यानंद ठाकुर अनिल कुमार सेन डॉ मनोज ठाकुर धन सिंह सेन सुरेश कुमार श्रीवास राजू श्रीवास रतनपुर कपिल कुमार श्रीवास जगन कौशिक रमेश श्रीवास युवराज श्रीवास चंद्रप्रकाश श्रीवास सुरेश श्रीवास विनोद कुमार श्रीवास सतीश कुमार श्रीवास रंजीत उमरे डॉ सुमन लाल कौशिक आनंद श्रीवास देवेंद्र श्रीवास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

रोका-छेका : घुमंतू मवेशियों को भेजा गौठान

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत घुमंतू मवेशियों की धरपकड़ के लिए गुरुवार को दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में रोका छेका अभियान चलाया गया। आज इस अभियान को चलाकर दिनभर में शहर के इंदिरा मार्किट,पटेल चौक,मार्केट रोड, शिवम मॉल के आस पास,अग्रेसन चौक,राजेन्द्र चौक,मालवीय नगर चौक,गंज पारा,पद्मनापुर,जेल तिराहा मुख्य मार्गो,पांच विल्डिंग के अलावा रायपुर नाका सहित अन्य जगहों से पकड़े गए 32 मवेशियों को दुर्ग निगम के पुलगांव व कृषि उपज मंडी तथा भिलाई के नेवई गोठान में रखा गया है।आवारा मवेशियों के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत होती हैं और कभी-कभी लोग दुर्घटना का शिकार भी हो जाते है। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर धर-पकड़ के लिए आज फिर दुर्ग निगम क्षेत्र में रोका छेका अभियान चलाया गया। निगम द्वारा नगर निगम क्षेत्र में घुमंतू मवेशियों के मालिकों से अपील की है कि मवेशियों को खुले में न छोड़े। अभियान निरन्तर चलाया जाएगा।निगम के नोडल अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

सेवा और समर्पण का वोरा को मिल रहा है आशीर्वाद

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक एवं राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष अरुण वोरा को शहर की एक बुजुर्ग महिला सिर में हाथ रखकर आशीर्वाद दे रही है। मर्मस्पर्शी और ह्रदय को छू लेने वाला यह दृश्य सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। शहर के मतदाता स्वेच्छा से स्वयं आगे आकर किसी जनप्रतिनिधि के सिर में हाथ रखकर स्नेह भरा आशीर्वाद दे ऐसा अवसर बहुत कम देखने को मिलता है। यह दृश्य यह भी बता रहा है कि श्री वोरा ने मतदाताओं के दिलो में भी अपनी खास जगह बना ली है। सच्चे सेवक को ही इस तरह का आशीर्वाद मिलता है।

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा वोरा परिवार 6 दशक से कर रहा है। इससे पहले मोतीलाल वोरा बाबू जी सेवा कर रहे थे। जनता के प्यार और आशीर्वाद से बाबूजी मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, राज्यपाल, राज्यसभा सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रहे। बाबूजी के बाद 3 दशक से विधायक अरुण वोरा सेवा में सक्रिय है। वोरा ने विधायक के रुप में रहकर विकास को आगे बढ़ाया। इसके बावजूद विधायक नही रहने के बाद भी बाबूजी की सांसद निधि से शहर की जनता की इच्छा के अनुरुप उनकी जरुरतो को पूरा किया। तीन दशक की समयावधि में कभी भी ऐसा नही हुआ जब श्री वोरा शहर के मतदाताओं के बीच नही गए हो ईमानदारी निष्ठा और लगन के साथ सेवा करने का दौर निरंतर जारी है। उन्होने अपनी कार्यशैली से यह बता दिया है कि जो जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहता है उनके सुख-दुख में सहभागी रहता है उसे ही जनता का आशीर्वाद मिलता है। श्री वोरा ने अपना सारा जीवन जनता की सेवा में समर्पित कर दिया है। वोरा के समर्पण को दुर्ग शहर की जनता बखूबी समझने लगी है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती गीता शुक्ला
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202307100400413

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गीता शुक्ला पति श्री राजेश शुक्ला निवासी आकाशनगर सिकोलाभाठा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
उरला प.ह.नं. 16 तह. व जिला दुर्ग	579/23	0.015 हे. 1613 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री नरोत्तम
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202307100400402

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री नरोत्तम आ. दयाराम, निवासी - वार्ड क्र. 57 उरला दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
उरला प.ह.नं. 16 तह. व जिला दुर्ग	494/1	0.043 हे. 4600 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती हिमा साहू
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202307100400414

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती हिमा साहू पति श्री दीपक साहू निवासी-पोलसाय पारा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
उरला प.ह.नं. 16 तह. व जिला दुर्ग	580/30 शामिल 581/33 582/36	0.011 हे. 1250 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ- जिला-दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.नं. 00018 बघेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक
RD202223430107000047

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00018 के अंतर्गत ग्राम बघेरा के वर्तमान भूमिस्वामी सुधाबाई पिता/पति-रामचन्दर पता-बघेरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 342/1 (0.0090) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता फागुराम साहू पिता/पति सुखीराम साहू पता-वाईन 02. राजीव नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.08.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ- जिला-दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.नं. 00004 भिलाई-3 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक
RD202223430300200019

ईश्तहार

तहसील भिलाई-3 के प.ह.नं. 0004 के अंतर्गत ग्राम भिलाई-3 के वर्तमान भूमिस्वामी रमेश कुमार सुरेश कुमार पिता/पति-पिआसकरण पता-कुम्हारी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 318/37 (0.0810), 318/38 (0.2020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मनीषा कोठारी, नुपुर कोठारी, यश कोठारी पिता/पति-रमेश कोठारी पता- शनिचरी बाजार दुर्ग, सुरेश कुमार पिता/पति पिआसकरण पता-शनिचरी बाजार दुर्ग के नाम पर नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.07.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.07.2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार उप तहसील-भिलाई-3

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक-2 (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

दिनांक 25.7.2023

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 14.08.2023 है।

एनआईटी क्र/ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
NIT No 75 Tender No. 142775	धमतरी अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों की बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य।	रु. 48.37 लाख
NIT No 76 Tender No. 142781	जिला महासमुंद के बावनकेरा से खम्हारमुड़ा (बेलपारा) तक मार्ग लंबाई 1.45 कि.मी. का निर्माण कार्य।	रु. 199.16 लाख
NIT No 77 Tender No. 142782	जिला महासमुंद के उपसंभाग क्रमांक-1 महासमुंद अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.बी.एम. पेंच मरम्मत का कार्य।	रु. 30.29 लाख
NIT No 78 Tender No. 142783	जिला महासमुंद के उपसंभाग क्रमांक-2 महासमुंद अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.बी.एम. पेंच मरम्मत का कार्य।	रु. 29.98 लाख
NIT No 79 Tender No. 142784	जिला महासमुंद के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्ग मुख्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.बी.एम. पेंच मरम्मत का कार्य।	रु. 30.42 लाख
NIT No 80 Tender No. 142785	जिला महासमुंद के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग मुख्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.बी.एम. पेंच मरम्मत का कार्य।	रु. 29.92 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदाविज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी इ-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र एवं न्यूनतम राशि रु. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)
निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मंडल क्र. 2 (छ.ग.)
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

जी-03750/3

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ- जिला-दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.नं. 00001 बोरई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक
CG5124919072023036

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम बोरई के वर्तमान भूमिस्वामी पीताम्बर पिता/पति-खोरबाहरा पता म.नं. 226, वार्ड नं. 13, बोरई तह. व जिला दुर्ग द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1629/1 (0.8000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मुकेश कुमार पिता/पति पीलाराम उइके पता-म.नं. 258, वार्ड नं. 10, गुरुदा जिला बालोद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.08.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.07.2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार उप तहसील बोरई (तहसील धमधा)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक/प्र.1 अति. तह./2022 दुर्ग दिनांक 18.7.2023

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक भूपेन्द्र कुमार विश्वकर्मा आ. गिरधारी लाल विश्वकर्मा साकिन बोरसी कालोनी द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 184/5 रकबा 0.0342 हे. भू.रा.... रुपये से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10.8.23 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/6 क्रमांक वर्ष 2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कमलीबाई सोनी ध.प. रामकुमार सोनी साकिन मठपारा दुर्ग दुवारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 684/24, 685/24 रकबा 600 वर्गफीट हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता श्रीमती प्रेमाबाई ध.प.चन्दूलाल ब्रम्हभट्ट से क्रय किया गया है की नामांतरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

उतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 23.8.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अफना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 20230621010018 अ-21 वर्ष 2021-23
ग्राम आमाकोनी प.ह.नं. 38
तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। आवेदिका भूलीन बाई पिता पंडित जाति गोंड़ निवासी ग्राम खैरी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटपारा छ.ग. द्वारा ग्राम आमाकोनी प.ह.नं. 31 स्थित भूमि 262, 270, 271/2, 274 का रकबा क्रमशः 0.1300, 0.3400, 0.0300, 0.1300 कुल खसरा नंबर 04 कुल करबा 0.6300 हे. भूमि को अनावेदक दुलेचंद यदु पिता पंचराम यदु जाति ठेठवार निवासी ग्राम आमाकोनी तहसील सुहेला को आपसी सौदा मूल्य 3,50,000/- रुपये (अक्षरी-तीन लाख पचास हजार रुपये) प्रति एकड़ की दर से भूमि विक्रय करने का सौदा किया है। बयाना राशि 3,00,000/- (अक्षरी तीन लाख रुपये) प्राप्त किया है। उक्त वाद भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र बी 1 खसरा पांचसाला, नक्शा एवं इकरारनामा की छायाप्रति संलग्न किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 31.07.2023 तक अफना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया

सील — तहसीलदार सुहेला

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती सरिता जैन
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202307100400097

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरिता जैन पति पवन जैन निवासी ग्राम वैशाली नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
जरवाय प.ह.नं. 10 तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग	410/2	0.03 हे. वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03, जिला-दुर्ग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 3208/NIT-09/2023-24/व ले लि — दिनांक 26.7.2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	07.08.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि	14.08.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	16.08.2023 पूर्वान्ह 11.3-0 बजे तक
निविदा कारों की श्रेणी	"द" श्रेणी से "अ" तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में) बैंक साल्वेंसी (रु. में)
1	2	3
T0032	बोडला उप संभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई पुताई पेंटिंग का कार्य प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
T0033	बोडला उप संभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई पेंटिंग का कार्य प्रथम आमंत्रण	10.00 7500.00 150000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा

जी-03755/2

आवारा मवेशियों को पकड़ने विशेष अभियान चलाएं : कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। सड़कों पर घुमने वाले पशुओं की समस्या और इसका समाधान विभिन्न क्षेत्रों में एक बड़ी समस्या हैं और इसका समाधान विभिन्न तरीकों से किया भी जाता हैं। इसी को लेकर कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आज जिला पंचायत, नगर पालिका जनपद पंचायत, पशुधन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने खुले में चराई की प्रथा पर रोक लगाने तथा पशुधन प्रबंधन की व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों, किसानों और पंचायत पदाधिकारियों को गांव में बैठक कर पशुओं के सड़क पर न आये ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया हैं। उन्होंने कहा कि इससे संभावित दुर्घटना को रोका जा सकता हैं। गुरुवार को मुख्य सचिव ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिये भी सड़क पर घूमने वाले पालतु एवं आवारा पशुओं को हटाने और उन्हें सुरक्षित जगह रखने तथा उनके चारा पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। श्री एल्मा ने कहा कि नगरीय ईलाकों एवं ग्राम पंचायतों में इस बात की मुनादी की जाए कि मवेशी पालक अपने मवेशियों के रख-रखाव का उचित प्रबंध सुनिश्चित कर लें अन्यथा शहरों एवं सड़कों पर खुले में घूमने वाले पशुओं को नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा गौठानों में रखने की व्यवस्था की जाएगी और संबंधित पशुपालकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी। नगरीय इलाकों में विशेषकर सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों पर भी कड़ाई से प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने ने निर्देश दिए। उन्होंने जिलें के सभी गौशाला को अपडेट करने के साथ ही क्षेत्र के अनुसार पशु, मवेशियों की संख्या का विवरण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम के सचिव व रोजगार सहायक से पशुओं का विवरण लेने को कहा। पशु चिकित्सा को सारे पशुओं की टैंगिग करने व रेडियम और बेल्ट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलें के सभी कांजी हाउस को अपग्रेड करने को कहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. राजेंद्र भगत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय सहित जिलें के सभी सीईओ जनपद, कृषि, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने ऐसे शहर व नगर के चौराहों, तिराहों, सड़कों को चिन्हकित करने को कहा जहां पर मवेशी झुंड में घूमते या बैठते हैं। उन आवारा पशुओं के लिए अभियान चला कर सुरक्षित स्थान पर रखा जाए या पशु पलकों को सौपें और उन्हें समझाएं कि पशुओं को खुला ना छोड़े। बैठक में उन्होंने कहा कि पशुओं के सड़कों पर आने-जाने से वाहन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

पशु मालिकों से अपील अपने पशुओं को बांध कर रखें

शहर के चौराहों, तिराहों पर झुंडों के रूप में दिखने वाले आवारा पशुओं की धरपकड़ के लिए नगर परिषद प्रशासन ने अभियान शुरू कर दिया हैं। नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि शहर की सड़कों में आवारा घूमते या इधर-उधर बैठे मिलने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर तत्काल अन्यत्र भेजने की व्यवस्था की जा रही। उन्होंने पशु मालिकों से कहा कि अपने अपने पशुओं को आवारा नहीं छोड़ें, ताकि आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं, यदि पशुपालकों ने ऐसा नहीं किया तो उनके खिलाफ नगर पालिका अधिनियम 2009 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अतिवृष्टि से किसानों को नुकसान, फसल बीमा की मियाद बढ़ाए सरकार : भंडारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खरीफ फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पोर्टल महज 5 दिनों के लिए खोले जाने पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने इसे किसानों के साथ छल बताया है। उन्होंने कहा कि-किसान हितैषी सरकार का ढोंग करने वाली कांग्रेस ने किसानों को बीमा से वंचित कर नुकसान की खाई में धकेल दिया है। जपं अध्यक्ष भंडारी ने कहा कि-अतिवृष्टि से खेतों में बीज सड़ गए या बह गए हैं। इससे किसानों को बड़े नुकसान की आशंका है। ऐसी स्थितियों में किसानों को आर्थिक सहायता के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू है, लेकिन पखवाड़े भर से किसानों की मांग के बावजूद भूपेश सरकार ने पोर्टल चालू नहीं किया। इस अव्यवस्था से किसान अपनी फसलों का बीमा नहीं करा सके हैं। 26 जुलाई को बीमा के लिए अधिसूचना जारी की गई है और अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इसे लेकर श्रीमती भंडारी ने कहा कि-जिले भर के हजारों किसान आखिर किस तरह 5 दिनों में अपनी फसल का बीमा करा पाएंगे। क्या राज्य सरकार का तंत्र किसानों और कृषि को लेकर इतना असंवेदनशील है, उस पर पोर्टल खुलने में असुविधाओं के साथ ही कई गांवों के नाम न मिलने या त्रुटियां होने की शिकायत भी सामने आ रही है। इसके चलते भी किसान अपना बीमा नहीं करवा पा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश अल्प संख्यक विभाग की नई कार्यकारिणी घोषित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस बाबा उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सहप्रभारीगण चंदन यादव, सप्तगिरी उल्का, विजय जांगेड, रवि घोष के आदेशानुसार एवं प्रदेश प्रभारी निजामुद्दीन राईन, सहप्रभारी आशिफ पाशा तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश अल्प संख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन के अनुमोदन से छत्तीसगढ़ प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। 12 जून 2023 को अल्पसंख्यक विभाग के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी निजामुद्दीन राईन एवं सहप्रभारी आशिफ पाशा का छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन हुआ एवं प्रदेश स्तर पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं संभावित पदाधिकारियों से मिलकर उनसे आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर समीक्षा बैठक की थी व उनका साक्षात्कार लिया था जिसके बाद ये अनुमान लगाया जा रहा था के जल्द ही अल्पसंख्यक विभाग द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की जा सकती है। विगत एक वर्ष से प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन द्वारा लगातार प्रदेश के हर जिले का दौरा कर नए कार्यकर्ताओं को विभाग से जोड़ने की मुहीम चलाई जा रही थी, इस तारतम्य में प्रदेश के 25 जिलों का दौरा कर कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया था और संभावित पदाधिकारियों की सूची बनाई गई थी। प्रदेश प्रभारियों ने बैठक के बाद संभावित पदाधिकारियों की सूची को राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी को भेज उनसे अनुमोदन लेकर उसे आज आधिकारिक रूप से जारी किया है। अल्पसंख्यक विभाग कि कार्यकारणी में 15 उपाध्यक्ष, 40 महासचिव, 78

अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने गुडेलिया पंचायत का किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत गुडेलिया में शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के अवलोकन हेतु शुक्रवार को सुब्रत साहू अतिरिक्त मुख्य सचिव ,आर प्रसन्ना प्रमुख सचिव पंचायत व ग्रामीण विकास ,रजत बंसल नरेगा आयुक्त, चंदन कुमार कलेक्टर, नम्रता जैन जिला पंचायत सीईओ,नम्रता चौबे सहायक कलेक्टर,नरेंद्र कुमार बंजारा अनुविभागीय अधिकारी नरेन्द्र बंजारा, सीईओ जनपद पंचायत राजेन्द्र पान्डेय, लोकेश ध्रुव सरपंच, संकेत अग्रवाल उपसरपंच, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामटेके सहित उपस्थित अधिकारियों ने निरीक्षण किया,इस दौरान नारी शक्ति संगठन रिपा की महिलाओं सहित भारी संख्या मे ग्रामीण जन मौजूद थे ।

निरीक्षण मे आए अधिकारियों ने ग्राम पंचायत गुडेलिया मे शासन के जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत संचलित रोजगार मूलक ग्रामीण औद्योगिक केन्द्र रिपा के अंतर्गत निर्मित हो रहे पेवर ब्लॉक प्लाईश ईट निर्माण जूता चप्पल निर्माण, किल निर्माण गोबर पेन्ट निर्माण, जाली तार निर्माण का निरीक्षण किया तथा रिपा से जुडे सम्बंधित मेनेजमेंट प्रबंधन की जानकारी भी लिया । इस उद्योग मे लगभग 200 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है वही लाभांश सूत्रण का जिसमे 3.21 लाख रुपये लाभ भी बताया गया जो की शासन के रिपा योजना के कुशल संचालन के कारण रिपा योजना की उपलब्धि को प्रमाणित करता है ग्राम पंचायत गुडेलिया मे संचलित रोजगार मूलक रिपा योजना के निरीक्षण व पंचायत स्तर पर हुये अनेक कार्य स्कूल ,आवास,पंचायत भवन सामुदायिक भवन .नलजल, बिजली, सडक, साफ सफाई आदि मूलभूत पहलुओं के अवलोकन करने के पश्चात अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने कहा कि अच्छी सोच के जनप्रतिनिधियों के होने से ऐसे, अच्छे जनकल्याणकारी कार्य होते है,जो अन्य ग्रामीण क्षेत्रों को भी प्रेरित करते है।प्रमुख सचिव पंचायत व ग्रामीण विकास ,आर प्रसन्ना ने भी पंचायत के विकास मूलक कार्यो के अवलोकन करने के बाद इसकी सराहना की व कुछ सुनहरे दृश्य परिदृश्यों को स्मृति मे संजोये रखने के लिये अपने मोबाईल के कैमरे मे कैद भी किया व गुडेलिया के विकास कार्यो को देख रोल मॉडल की संज्ञा दी।

फिट कॉप फिट सिटी अभियान शुरु

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप पुलिस महानिदेशक के दिशा निर्देशन एवं पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज डॉ. आनंद छाबडा के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के द्वारा नशा मुक्ति एवं फिट कॉप फिट सिटी अभियान का शुभारंभ किया गया। बेमेतरा पुलिस की फिट कॉप फिट सिटी अभियान शुरू एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता के नेतृत्व में हर वर्ग को मिलेगा फायदा बेमेतरा पुलिस ने फिट कॉप फिट सिटी अभियान की शुरुआत की, इस अभियान के माध्यम से पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित आम लोगों को फिट रखने की अभिनव पहल शुरू की गई हैं, साथ ही नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जिसमें सामान्य प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर समन्व्य स्थापित कर सामान्य प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा समय समय पर फिट कॉप फिट सिटी पर आयोजन सामान्य प्रशासन एवं पुलिस के लिए महत्वपूर्ण हैं। क्योकि पुलिस विभाग में काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारी बेहतर ढंग से करने के प्रयास में स्वयं तनाव ग्रस्त हो जाते है जिससे उनकी कार्य शैली में विपरित प्रभाव पडता हैं, जिसको ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारियों को मानसिक एवं शारिरीक रूप से फिट रहने के लिए एसपी बेमेतरा के द्वारा आज 28 जुलाई को 5 किलो मीटर मैराथन दौड, योगा, जुम्बा योगा डांस का आयोजन किया गया। जिसे समय समय पर लगातार आयोजित किया जायेगा। जो सिटीजन एवं पुलिस के लिए लाभ दायक हैं, इस अभियान को राज्य शासन के मंशानुरूप अलग-अलग सोशल अभियान मतदाता जागरूकता, महिला सशक्तिकरण के साथ जोडा जायेगा। युवा वर्ग को नशे से दुर रहने, नशे के दुरी के लिए फिटनेश जरूरी हैं। बेमेतरा पुलिस ने फिट कॉप फिट सिटी अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जहां संयुक्त कार्यालाय से दौड़ एसपी बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता, बेमेतरा एसडीएम सुरूचि सिंह के नेतृत्व में शुरू किया गया।

अमृत सरोवर तट में सुब्रत साहू ने किया वृक्षारोपण

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विकासखंड के एक दिवसीय दौरे पर आए अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने ग्राम देवरी में नवनिर्मित अमृत सरोवर तट के नजदीक आम वृक्ष का रोपण किया।

इस दौरान भूतपूर्व सैनिक धीरेंद्र कमरा वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मनरेगा के तहत अमृत सरोवर के हुए कार्यो पर सतुष्टि जताते हुए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उक्त तालाब में बहुत अच्छे तरीके से मछली पालन सहित अन्य रोजगार मुलक कार्य किए जा सकतें है। श्री साहू ने इसके लिए उपस्थित प्रगति टू एवं जागृति महिला स्व सहायता समूह के सदस्यो से चर्चा कर जायजा लिया। साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव आर प्रसन्ना, समग्र शिक्षा महा प्रबंधक इफ्फत आरा, मनरेगा आयुक्त रजत बंसल,कलेक्टर चंदन कुमार जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी वृक्षारोपण किया।

40 पौवा देशी शराब जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं, जिसके तहत 26 जुलाई को थाना बेमेतरा के ग्राम गर्रा एवं बेरला के ग्राम बारगांव में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करना एवं ले जाने का 2 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपियों विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं।

अब तक आवंटित नहीं मोर आवास-मोर आस योजना के मकान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मोर आवास-मोर आस योजना के तहत गरीब लोगों के लिए लखोली में मकान बना है, जिसमें लोगों को मकान देना है। 300 परिवार बने हुए मकान में रहते हैं, लेकिन उनको आवंटित नहीं किया गया। सभी को 3 दिन का अल्टीमेटम मिला है मकान खाली करने का। आज मिर्जा भाई के नेतृत्व में सभी रहवासियों के साथ नगर निगम का घेराव किया गया। साफ तौर से नगर निगम के अधिकारियों को बोल दिया गया है कि मकान खाली नहीं किया जाएगा। मकान का पैसा लोग देने को तैयार हैं, इन्हीं लोगों को मकान आवंटित किया जाए। मिर्जा भाई की तरफ से मामला हाईकोर्ट में याचिका दायर किया गया है, जिसमें जल्द ही फैसला आने वाला है। आवंटन प्रक्रिया में भी गोलमाल किया गया है। एक ही परिवार के 4 लोगों को वहां मकान आवंटित किया गया है किसी के दो किसी के चार। डबरी पारा में नगर निगम द्वारा मकान तोड़ने का काम रोक दिया गया, जो की अब नहीं टूटेगा। मकान टूटा नहीं है, फिर भी आवंटन कर दिया गया। नगर निगम के अधिकारी ने बोला की यह हमारा मकान है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री अवनिकांत सिंह
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202307100400276

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अवनिकांत सिंह आ. श्री जयनारायण सिंह, निवासी-सिंधिया नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
सिकोला प.ह.नं. 17 तह. व जिला दुर्ग	43/191	0.008 हे. 825 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती गिरजा बाई सोनकर
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202307100400411

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गिरजा बाई सोनकर पति श्री राजेश सोनकर निवासी-आपापुरा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
मोहलई. प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग	61/82	0.011 हे. 1200 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नया प्रशासनिक कार्यालय, गांधी मैदान, बैरनबाजार रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2535780, 90 फैक्सः 0771-2227395
Email:dc.rmc@rediffmail.com

क्रमांक 133/स्टो./न.पा.नि./2023 रायपुर दिनांक 28.07.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा नगर निगम एवं अन्य शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभागों में कार्य के अनुभवी, निर्माताओं/अधिकृत विक्रेता से स्टेशनरी सामाग्री प्रदाय करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित समयावधि में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सभी मुहरबंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से स्टोर शाखा, तृतीय तल कक्ष क्रमांक 406 मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम रायपुर को प्रेषित की जावे। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैः-

1. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि 25.08.2023 सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 28.08.2023 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 29.08.2023 प्रातः 11.00 बजे

क्र.	विवरण	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानती राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रुपये)	समयावधि
1	समाग्री विवरण (संलग्न सूची अनुसार)	रु. 10.00 लाख	रु. 10,000.00	रु. 750.00	1 वर्ष

नोटः- नगर पालिक निगम रायपुर के वेबसाईट http://nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकतेहै। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि निविदा के साथ आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम पर डी.डी. जमा करना होगा।

**अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)**

प्रथम पेज का शेष...

भीमा कोरेगांव केस- 2...

इंचार्ज हृद्ध अफसर से पेयर रहेगा।

क्या है भीमा कोरेगांव मामला?

महाराष्ट्र के पुणे में 1 जनवरी 2018 को भीमा कोरेगांव में एक कार्यक्रम के दौरान हिंसा हुई थी। इसमें एक युवक की मौत हुई थी। इस मामले में कई वामपंथी कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों को गिरफ्तार किया गया था। यह कार्यक्रम 1818 में दलित बहुल सेना की पेशवा गुट पर हुई जीत की 200वीं वर्षगांठ के मौके पर रखा गया था।

1818 के युद्ध में मराठाओं की हार हुई थी

ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और मराठा के पेशवा गुट के बीच 1 जनवरी 1818 को युद्ध हुआ था। ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना को उस समय के अछूत माने जाने वाले महार समुदाय के सैनिकों का समर्थन मिला था। उन्होंने अंग्रेजों की तरफ से लड़ाई लड़ी। युद्ध में मराठाओं की हार हुई थी।

राज्य में नये पुलिस...

विरूद्ध की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गयी एवं पुलिस महानिरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि अभियोजन शाखाओं एवं जिला कलेक्टरों से समन्वय स्थापित कर निवेशकों की धन वापसी के लिये लगातार प्रभावी कार्यवाही करें। आगामी चुनाव को देखते हुए प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व संचार व्यवस्था की समीक्षा की गयी एवं सीमावर्ती जिलों के समकक्ष अधिकारियों से बैठक हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वय हिमांशु गुप्ता एवं प्रदीप गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षकगण अजय यादव, आनंद छाबड़ा, पी. सुंदरराज, सुशील द्विवेदी, बीएन मीणा, अंकित गर्ग, संजीव शुक्ला, राहुल भगत, आरिफ शेख, रामगोपाल गर्ग भी उपस्थित रहे।

इन जिलों को शामिल किया ...

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही तथा जशपुर रहेंगे। बिलासपुर पुलिस महानिरीक्षक के अधीन डीआईजी रायगढ़ रहेंगे। डीआईजी रायगढ़ के अंतर्गत जिला-रायगढ़, सक्ती तथा जशपुर रहेंगे। सरगुजा रेंज में जिला-सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानगुजगंज तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी रहेंगे। बस्तर रेंज में जिला-बस्तर, कांकेर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर तथा सुकमा रहेंगे। आई.जी. बस्तर के अधीन दो डीआईजी दंतेवाड़ा एवं कांकेर रहेंगे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
पं.नं. 202307100400370/अ-2 /2022-23

उदघोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रतिभा यादव आ./पति दिलीप कुमार यादव निवासी- गाड़ाडीह के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम-मोहलई प.ह.नं. 06 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 21/6 रकबा 0.0160 हे. 1800 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया

सील

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
पं.नं. 202307100400365/अ-2 /2022-23

उदघोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मदनलाल चंद्राकर आ./पति नरोत्तम राम चन्द्राकर निवासी - सेक्टर 02 भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम - थनोरा प.ह.नं. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 617/14 रकबा 0.0200 हे. 2220 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया

सील

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

**कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण
खेल भवन, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.)**
फोन - 0771-2262203 Email-sportsyw-raipur.cg@gov.in

क्रमांक/भंडार/खेयुक/2023-24/141 रायपुर दिनांक 26.07.2023

निविदा प्रकाशन प्रारुप

सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण जिला रायपुर के पत्र क्रमांक 141 दिनांक 26.07.2023 द्वारा खेल सामग्री क्रय हेतु निर्मित अथवा अधिकृत फर्म से दिनांक 10.08.2023 के अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय खेल भवन में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

विवरण	तिथि	समय
निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	08.08.2023	दोपहर 4.00 बजे
निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय	10.08.2023	अपरान्ह 3.00 बजे
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	10.08.2023	अपरान्ह 04.00 बजे
निविदा पत्र की दर - 500/-		

निविदा प्रपत्र एवं नियम शर्तों की जानकारी हेतु 500/- जमा कर कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण जिला रायपुर से अथवा रायपुर जिले के वेबसाइट http://raipur.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा शुल्क निविदा खोलने के पूर्व जमा किया जा सकता है। उक्त निविदा की अनुमानित राशि रु. 7,20,000/- है।

**सहायक संचालक
खेल एवं युवा कल्याण
जिला-रायपुर**

जी-03745/2

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

एमआईसी की बैठक में फैसला

शहरवासियों के लिए 200 करोड़ का बॉन्ड, प्रॉपर्टी टैक्स में बड़ी राहत

■ MIC की बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स पर चक्रवृद्धि ब्याज नहीं लगाने का फैसला

■ आम आदमी के लिए 200 करोड़ का बॉन्ड जारी करने का लिया गया निर्णय

रायपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार को हुई स्ब्ढ्ढष्ट की बैठक में बॉन्ड जारी करने का प्रस्ताव पास हुआ। इसके साथ ही स्ब्ढ्ढष्ट की बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स पर चक्रवृद्धि ब्याज नहीं लगाने पर भी फैसला लिया गया है। अन्य सात बिंदुओं पर निगम की एमआईसी बैठक में निर्णय लिया गया है। महापौर एजाज ढेबर ने बताया कि ये बॉन्ड 200 करोड़ के होंगे। नगर निगम मुख्यालय से आम आदमी अपने बजट के आधार पर बॉन्ड खरीदेंगे। इस पर नगर निगम 8 प्रतिशत ब्याज देगा। जैसे किसी ने 1 लाख रुपए के बॉन्ड लिए उसे 8 हजार के करीब ब्याज भुगतान किया जाएगा। स्किम 20 सितंबर से नगर निगम रायपुर द्वारा शुरू की जाएगी। फ़िलहाल बॉन्ड कितने रुपयों से शुरू होंगे इस पर अभी मंथन चल रहा है। स्ब्ढ्ढष्ट की बैठक में तय किया गया कि पांच जगहों के लिए बॉन्ड जारी होंगे।

इन पांच जगहों के लिए बांड जारी होंगे। म्युनिसिपल बांड से ईदगाह भाठा / हिन्द स्पोर्टिंग ग्राउंड में स्पोर्टस काम्पलेक्स का निर्माण योजना लागत 25 करोड़, पुराना नगर निगम कार्यालय जयस्तंभ चैक में व्यवसायिक परिसर निर्माण लागत 60 करोड़, निमोरा एवं कारा एसटीपी में टीटीपी निर्माण लागत 40 करोड़, रायपुर शहर में ई बस का कार्य लागत 80 करोड़, भैसथान में कमर्षियल काम्पलेक्स निर्माण लागत 55 करोड़ के होंगे।

प्रॉपटी टैक्स में चक्रवृद्धि ब्याज से राहत

बैठक में तय किया गया है कि संपत्तिकर वसूली प्रक्रिया को सरल किया जाएगा। अब इसमें चक्रवृद्धि ब्याज के स्थान पर साधारण दर पर माहवार अधिभार वसूल किये जाने प्रस्ताव को पास किया गया है। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि चक्रवृद्धि ब्याज की वजह से संपत्तिकर प्रॉपर्टी की एक्चुअल वैल्यू से भी अधिक हो रहा था। अब इसे हटाया जा रहा है।

यह भी हुआ फैसला

1. 10 नग इलेक्ट्रीक बस क्रय करने 20 करोड की वित्तीय स्वीकृति एवं निविदा बुलवाने अनुमति।
2. शशिबाला स्कूल बिल्डिंग को नया बनाने 2 करोड का टेंडर होगा।
3. 75 एमएलडी चंदनीडीह एसटीपी से उपचारित जल में से 18 एमएलडी उपचारित जल केन्द्र सरकार के उपक्रम एनएसपीसीएल (एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी लिमिटेड) ताप विद्युत केन्द्र भिलाई को औद्योगिक इस्तेमाल के लिए दिया जाएगा।
4. चांदनी चैक से भाठागांव बस स्टैण्ड तक के मार्ग का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. झुमुक लाल महोबिया के नाम से किया जाएगा।
5. पुल चैक से नयापारा मार्ग व सरस्वती कन्या शाला का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. विष्वनाथ प्रसाद तिवारी के नाम से किया जाएगा।
6. 2.50 लाख में पूर्व प्रस्तावित बृज नगर आंगनबाडी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के कार्य के स्थान पर चंद्रषेखर आजाद वार्ड के कुम्हारपारा आंगनबाडी के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण।
7. महात्मा गांधी वार्ड में गंगा नगर कुष्ठ बस्ती का जीर्णोद्धार कार्य कराये जाने, कुल 3 ब्लाक बी, सी, डी तोडकर नवनिर्माण करवाने 180.41 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति के अनुसार प्रकरण की पुष्टि करते हुए स्वीकृति दी गई है।

34.5 लाख की सामाग्री गुम, चोरी हुई संपत्तियों को मालिकों को किया सुपुर्द

■ अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिलें के थाना/चौकी में पंजीबद्ध अपराधो में जप्त वाहन, मोबाईल एवं अन्य वस्तु को अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत उनके स्वामियों को सुपुर्द करने बेमेतरा जिलें के पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में जिलें के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के द्वारा अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत जिलें के विभिन्न थाना/चौकी में पंजीबद्ध विभिन्न अपराधों में जप्त वाहन, मोबाईल एवं अन्य वस्तुओं को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। जिसमें थाना बेमेतरा से 2 मोटर सायकल, एक कार, चौकी खण्डसरा से 3 मोटर सायकल, थाना बेरला से 6 मोटर सायकल, एक ट्रैक्टर, पुलिस चौकी कंडरका से 1 मोटर सायकल, थाना परपोडी से 4 मोटर सायकल, 4 मोबाईल, थाना साजा 2 मोटर सायकल, थाना नांदघाट 3 मोटर सायकल, 1 स्कार्पियों वाहन, थाना खम्हरिया से 1 मोटर सायकल, 1 मोबाईल, थाना दाढ़ी से 3 मोटर सायकल, थाना नवागढ़ से 3 मोटर सायकल, पुलिस चौकी मारो से 2 मोबाईल, कुल 2 चारपहिया वाहन, 1 टैक्टर, 1 पिकप, 30 मोटर सायकल एवं 7 मोबाईल कुल जुमला कीमती करीबन 24.50 लाख रूपये को अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। 27 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाजपा लाश पर राजनीति करना बंद करें

■ 15 साल में 12397 किसानों ने आत्महत्या किया था तब भाजपाई चुप रहते थे

■ भूपेश सरकार में छत्तीसगढ़ में खेती देश में सबसे ज्यादा मुनाफा देती है

रायपुर/नवप्रदेश। एक व्यक्ति की आत्महत्या पर भाजपा द्वारा की जा रही बयान बाजी पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ में राजनैतिक गिद्ध बन चुकी है। वह इंतजार करते रहते है कि कब किसी की मौत हो और वह उस पर बयानबाजी कर राजनैतिक रोटी सेक। भाजपा लाशों पर राजनीति करने की अपनी गंदी आदत बदल ले। छुईहा महासमुंद के किसान की आत्महत्या के वास्तविक कारणों को जाने बिना भाजपाई घड़ियाली आंसू मत बहाये। छत्तीसगढ़ में किसान आत्महत्या का दौर समाप्त हो चुका है। आज छत्तीसगढ़ का किसान देश में सबसे ज्यादा खुशहाल है। अपने फसल की सबसे ज्यादा कीमत छत्तीसगढ़ के किसानों को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में 5 एकड़ का किसान खेती के घाटे से परेशान हो कर आत्महत्या करेगा यह बात कोई नहीं मानेगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन राज के दौरान 1 जनवरी 2004 से 1 जनवरी 2019 अर्थात भाजपा के शासनकाल के 15 साल में 12937 किसानों ने आत्महत्या किया था। तब तो भाजपा ने कभी न्यायिक जांच की मांग नहीं किया। मृतकों के लिये मुआवजा की मांग का भाजपाई विरोध करते थे। छत्तीसगढ़ में किसान आत्महत्या का दौर भाजपा सरकार के साथ ही खत्म हो गया है। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद खेती फायदे का सौदा है। छत्तीसगढ़ देश में सबसे ज्यादा अपने किसानों को धान की कीमत 2500 देता है जो स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश से भी ज्यादा है। पिछले चार साल में कांग्रेस सरकार ने किसानों के ऊपर 1 लाख करोड़ से भी अधिक खर्च किया है जिसकी रमन राज में कोई कल्पना भी नहीं किया था। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष 110 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य है निर्धारित किया है। मक्का, उड़द, मूंग के साथ गौड अन्न रागी, कोदो कुटकी की समर्थन मूल्य में खरीदी की जा रही गन्ना सहित हर प्रकार अन्न उत्पादक किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से साल में चार बार प्रति एकड़ 9000 रू. की इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का अकेला राज्य है जहां किसानों के साथ खेती काम करने वाले कृषि मजदूरों को भी 7000 रू. की सहायता दी जा रही है। राज्य में ग्रामीण व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति के लिये प्रभावी सहायता योजना है। गोधन न्याय योजना में चरवाहे गोपालक और सामान्य गोबर बिनने वाले तक के आमदनी सुनिश्चित करने की योजना बनाई गयी है। इनका लाभ राज्य के आम आदमी को मिल रहा है। भाजपाई अपने गिद्धवाला आचरण बंद करें।

आईएएस क्षीरसागर को जेसीईओ का जिम्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले नए जेसीईओ का जिम्मा IAS नीलेश क्षीरसागर को दिया गया है। तत्संबंध में आदेश भी पारित कर दिया गया है। चुनाव के मद्देनज़र उन्हें संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में लिखा गया है कि नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, भा.प्र.से. (2011), संयुक्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के पद पर नियुक्त किया जाता है। साथ ही तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना पर उपस्थिति के लिए कार्यमुक्त किया जाता है।

मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के ज़रिए कलेक्टरों की ली बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों की बैठक ली। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि सड़क में गायों को हटाने और उनकी समुचित खाने-पीने, रहने की व्यवस्था करना हमारी नैतिक दायित्व हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश पर पालन किया जा रहा हैं, इसलिए कृपया मन लगाकर ये कार्य करें। उन्होंने कहा कि गायों के गले में रेडियम टैगिंग करें, ताकि रात के अंधेरे में वाहन चालकों को रेडियम दूर से दिखाई दे, जिससे वाहन दुर्घटना नहीं हो। सड़कों में जो मवेशी हैं उनके मॉनिटरिंग के लिए नोडल बनाकर एक पॉलिसी बनाये और जहाँ जहाँ मवेशी घूम रहे हैं उन्हें हटाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिलें के समस्त नगरों में घूम रहे मवेशी कों उनके उचित स्थान जैसे कांजी हाउस मे लेकर जायें। इसके लिए पुलिस प्रशासन की सहायता भीं ले सकते हैं, अगर कोई नहीं मान रहा तो, गाय मालिक अगर नहीं मन रहें तो उनके ऊपर कार्यवाही करें। घर घर जाकर सर्वे करें की कोई अपने मवेशी कों खुला तो नहीं छोड़ रहें और इस कार्य कों जल्द से जल्द इसे कार्य कों करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों की मदद से जानकारी एकत्रित करें, जहाँ जहाँ गोठान में गायों के रहने के लिए उचित व्यवस्था नहीं हैं, उसे तुरंत ही गायों के रहने लायक बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर पीएस एल्मा सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर सहित ज़िला अधिकारी कलेक्ट्रेट वीडियो कॉन्फ्रेसिंग रूम बेमेतरा में उपस्थित थे।

शराब की तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसके साथ ही रायपुर पुलिस द्वारा रायपुर को नशा मुक्त बनाने हेतु नशे के विरूद्ध व्यापक जन-जागरूकता मुहिम ''हैलो जिंदगी'' का शुभारंभ दिनांक 15.07.2023 को करते हुए नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों के विरूद्ध रायपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर इसे जड़ से समाप्त करने के सम्पूर्ण प्रयास करते हुए इस काले कारोबार में संलिप्त अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर उन पर कार्यवाही की जा रही है।

प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ एक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट/ सिरप की अवैध रूप से खरीदी-बिक्री एवं अवैध रूप से इस व्यवसाय में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। अवैध रूप से नशीली टेबलेट/सिरप के कारोबार की सूचना एकत्रित की जा रही है।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के नाम पर चल रहा खेलो में अनियमितता

राजिम/नवप्रदेश। गांव-गांव में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के नाम पर चल रहा खेलों में व्यास अनियमितता एवं आर्थिक रूप से ग्राम पंचायतों का किए जा रहे शोषण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजिम भक्तिन मंदिर समिति के उपाध्यक्ष एवं सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्ति भाजपा नेता बोधन राम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के चलते ग्राम पंचायतों को हजारों रुपए का चूना लगाने का खेल बिना बजट के करा कर राज्य सरकार पंचायतों को चुना लगा रही है।राजीव युवा मितान क्लब को जारी राशि का उपयोग करने को पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के नाम से राज्य सरकार ग्राम पंचायतों को प्रतिवर्ष हजारों रुपए का चूना लगा रही है। पंचायतों के पास ओलंपिक खेल में खर्चा करने के लिए कोई बजट नहीं है और ना हीं राज्य सरकार का कोई राशि उपलब्ध करा रही है। फिर भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल करा कर पंचायतों को प्रतिवर्ष मोटी रकम का चुना लगाया जाता है। श्री साहू ने कहा कि शुरुआत में ग्राम स्तर का खेल होता है वहां से पंचायतों को चूना लगाने का सिलसिला चालू होता है। उसके पश्चात जोन में जोन से, ब्लॉक में ब्लॉक से, जिला में जिला से राज्य में सभी जगह खिलाड़ियों को लाने ले जाने आदि व्यवस्था पंचायतों के माथे मड़ दिया जाता है।

न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)

व्यक्तिगत उपस्थिति समन

रा.प्र.क्र. 07/अ-121/वर्ष 2022-23

प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक, शाखा- परसानाथपुर, दुर्ग .... वादी

प्रति

1. श्री सचिन धावरे आ0 स्व. यादो राव धावरे
2. अमानतदार मृतक यादो राव धावरे की ओर से प्रविष्टि प्रतिनिधि- त्रिशीला धावरे

दोनों निवासी- साई नगर, उतई, वार्ड नं0 66, मोहन नगर, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) .... अनावेदकगण

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदक द्वारा आवेदक बैंक से वित्तीय सहायता की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक संपत्ति- ख0 नं0 845/79, क्षेत्रफल- 1500 वर्गफीट, प्लाट नं0 06, साई नगर, उतई वार्ड नं0 59, गली नं0 06, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित है, को बकाया राशि की अदायगी नहीं करने के कारण जिसे भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदक को इस न्यायालय द्वारा समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी कर आहूत किया गया था। जारी सूचना पत्र वापस अप्राप्त है।

चूंकि अनावेदक को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समन के जरिये अनावेदक को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 31.07.2023 को कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रुप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

सील

अपर कलेक्टर
दुर्ग (छ.ग.)

दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से की लिखित शिकायत, न्याय की गुहार लगाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दुष्कर्म पीड़िता ने सामाजिक बहिष्कार व उसके परिवार पर आर्थिक दंड रोपित किए जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। मामला छुरिया विकासखंड के ग्राम लालूटोला का है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया है कि, वह जिस कंवर समाज से ताल्लुक रखती है, उसने परिवार सहित उसे बहिष्कृत कर दिया है। परिवार पर आर्थिक दंड भी रोपित किया गया है। इस अवैधानिक सलूक के लिए पीड़िता ने गांव के पटेल संतोष कुमार, जगेशर राम कंवर, सेवक राम कंवर सहित अन्य ग्रामीणों को दोषी बताया है। इसके साथ ही उसने पुलिस की जांच पर भी संदेह व्यक्त किया है।

गुरुवार को पीड़िता ने यह शिकायत पुलिस अधीक्षक को सौंपी है। इससे पूर्व युवती से दुष्कर्म के मामले में पुलिस चौकी चिचोली द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी केमन यादव को गिरफ्तार किया था। केमन से ही युवती को एक औलाद भी है। पीड़िता का कहना है कि उसे समाज, दूसरे प्रभावशील लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे पहले पुलिस ने भी दो महीने तक उसकी शिकायत दर्ज नहीं की थी। पुलिस अधीक्षक से गुहार के बाद ही मामला दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता ने बताया कि-गांव में उसके परिजनों और उसे सामाजिक रुप से बहिष्कृत कर दिया गया है। मेरे परिवार वालों से आर्थिक जुर्माना वसूला जा रहा है। उसने न्याय की गुहार लगाई है। युवती ने उसके साथ दुष्कर्म के प्रकरण में पुलिस चौकी चिचोला की जांच पर भी संदेह जताया है। उसने कहा कि-आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए उसे दो महिनों तक चक्कर काटने पड़े तब जाकर एफआईआर दर्ज हुई। जब मैं आरोपी से गर्भवती हुई तो दो बार मेरे गर्भपात का प्रयास किया गया। इसमें ग्रामीण विनोद यादव, नवदीप कंवर, देवेन्द्र कंवर शामिल रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) दुर्ग जिला दुर्ग उदघोषणा

पं. नं. 202307100400242/अ-2/2022-23

उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका प्रवेश संतोषत्रिपाठी आ0/पति स्व0 संतोष कुमार निवासी गढ़चिरौली महाराष्ट्र के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह0नं0 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 295/12 रकबा 0.0930 हे0 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ0ग0भू0रा0सं0 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता श्रीमती व्ही. प्रभा राव (V. PRABHA RAO) पति श्री व्ही. के. राव, उम्र- 62 वर्ष, निवासी- ए-53, सड़क नं.-सी, त्रिवेणी नगर, स्मृतिनगर, भिलाईनगर, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूँ, मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेजों जैसे मेरे आधार कार्ड. इत्यादि मे मेरा नाम व्ही. प्रभा राव (V. PRABHA RAO) दर्ज है जो कि मेरा सहीं एवं वास्तविक नाम है। मैं छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग अन्तर्गत रक्षित केन्द्र दुर्ग जिला-दुर्ग में निरीक्षक के पद पर पदस्थ हूं।मेरा विवाह दिनांक 04/04/1986 को श्री व्ही. के. राव के सम्पन्न हुआ है एवं विवाहपूर्व मेरा नाम सी. प्रभम्मा आत्मजा सी. वेंकटैय्या था जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक एवं छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज है। विवाहोपरान्त मेरा नाम सी. प्रभम्मा आत्मजा सी. वेंकटैय्या से परिवर्तित होकर व्ही. प्रभा राव (V. PRABHA RAO) पति श्री व्ही. के. राव हो गया है अब मैं इसी नाम से जानी पहचानी एवं हस्ताक्षर आदि करती हूं। मैं अपने छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के समस्त सर्विस रिकार्ड में अपना विवाहोपरान्त नाम व्ही. प्रभा राव (V. PRABHA RAO) पति श्री व्ही. के. राव दर्ज कराना चाहती हूं। व्ही. प्रभा राव (V. PRABHA RAO) पति श्री व्ही. के. राव एवं सी.सीएस की पुत्री प्रभम्मा वेंकटैया ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं, मेरे ही नाम है। विवाहोपरान्त सही वास्तविक एवं विस्तारित नाम व्ही. प्रभा राव (V. PRABHA RAO) पति श्री व्ही. के. राव छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन करवाने तथा अपने सर्विस रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

कार्यालय नगरपालिका परिषद कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/312/लो.नि.शा./न.पा.प./2023-24 — कांकेर, दिनांक 27/07/2023

-:: प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::-

नगर पालिका परिषद कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु निर्धारित प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग में प्रचलित सड़क/भवन एस.ओ. आर. प्रभावशील दिनांक 01.01.2015 एवं PHE एस.ओ. आर. 01.06.2020 के प्रचलित दर पर निकाय क्षेत्रांतर्गत सी.सी. रोड / आर.सी.सी. नाली / आर.सी.सी. प्रीकास्ट पाईप लाईन विस्तार एवं अन्य कार्यों हेतु पंजीकृत डाक/पोस्ट से त्रि लिफाफा पद्धति से सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है :-

01- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17 / 08 / 2023 समय संध्या 5.30 बजे।
02- निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 18 / 08 / 2023 को समय संध्या 5.30 बजे तक।
03- निविदा प्रपत्र मुहरबंद लिफाफा में जमा करने की तिथि 23 / 08 / 2023 समय संध्या 5.00 बजे तक।
04- निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 24/08/ 2023 को समय संध्या 04.00 बजे तक
05- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

क्रं.	कार्य का विवरण	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	ईमलीपारा में हल्बा समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	15.00	11300/-	750/-	04 माह
02	वार्ड क्र. 07 में गार्डन पुल से हनुमान मंदिर तक एवं आंगनबाड़ी से पन्त गली तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद निधि)	7.02	5300/-	750/-	03 माह
03	अध्यक्ष / पार्षद / ऐल्डरमेन निधि / आपात निधि एवं अन्य मद से निकाय क्षेत्रांतर्गत पी.डब्लू.डी. रोड/नाली, पी.एच. ई. एस. ओ. आर. अंतर्गत कार्य।	19.00	14300/-	750/-	06 माह
04	अध्यक्ष / पार्षद / ऐल्डरमेन निधि / आपात निधि से एवं अन्य मद से निकाय क्षेत्रांतर्गत पी.डब्लू.डी. रोड / नाली, पी.एच.ई. एस. ओ. आर. अंतर्गत कार्य।	19.00	14300/-	750/-	06 माह
05	धरमदेव कंडरा की मूर्ति स्थापना कार्य।	7.00	7000/-	750/-	03 माह
06	धरमदेव कंडरा की मूर्ति स्थापना हेतु चबुतरा निर्माण कार्य।	3.00	3000/-	750/-	03 माह

टीप- निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है अथवा वेब पोर्टल http://uad.cg.gov.in से डाउन लोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कांकेर

जय-वीरू के बाद अब हिट होगी कका-बबा की जोड़ी

भाजपा के सत्ता से बाहर होने के बाद डॉ रमन सिंह जैसा दबदबा कवर्धा का नहीं रहा है। कांग्रेस की सरकार में मंत्री मोहम्मद अकबर के नेतृत्व कवर्धा लगातार विकास की ओर अग्रसर है। वर्तमान में कवर्धा जिले के विधायक मोहम्मद अकबर वनमंत्री के साथ ही अनेक विभागों के बतौर मंत्री कार्य का निर्वाहन कर रहे हैं । अब चुनावी मुद्दों को लेकर बात करें तो वर्ष 2018 में हुए चुनाव में कवर्धा भाजपा से जहां अशोक साहू चुनावी रणभूमि में उतरे हुए थे । तो कांग्रेस के मोहम्मद अकबर ने 69284 मतों से परास्त कर दिया था । इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा भी पीछे नहीं रहा। कांग्रेस की ममता चंद्राकर ने 36487 मतों से भाजपा के मोतीराम चंद्रवंशी को करारी मात दी थी ।

कवर्धा विधानसभा में टिकी है सब की नजर, कांग्रेस से मोहम्मद अकबर तो भाजपा से कई दावेदार

जितेन्द्र नामदेव

कवर्धा/नवप्रदेश। पूरे विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ का कबीरधाम जिला एक ऐसा जिला है जिसके परिणाम को लेकर सभी की नजर कवर्धा विधानसभा में टिकी रहती है । क्योंकि यही वह कवर्धा विधानसभा है जो विगत15 वर्षों 2003 20218 तक डॉ रमन सिंह को मुख्यमंत्री सत्ता के सिंहासन पर बैठाया था। भाजपा के सत्ता से बाहर होने के बाद डॉ रमन सिंह जैसा दबदबा कवर्धा का नहीं रहा है। कांग्रेस की सरकार में मंत्री मोहम्मद अकबर के नेतृत्व कवर्धा लगातार विकास की ओर अग्रसर है। वर्तमान में कवर्धा जिले के विधायक मोहम्मद अकबर वनमंत्री के साथ ही अनेक विभागों के बतौर मंत्री कार्य का निर्वाहन कर रहे हैं । अब चुनावी मुद्दों को लेकर बात करें तो वर्ष 2018 में हुए चुनाव में कवर्धा भाजपा से जहां अशोक साहू चुनावी रणभूमि में उतरे हुए थे । तो कांग्रेस के मोहम्मद अकबर ने 69284 मतों से परास्त कर दिया था । इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा भी पीछे नहीं रहा। कांग्रेस की ममता चंद्राकर ने 36487 मतों से भाजपा के मोतीराम चंद्रवंशी को करारी मात दी थी । बदलते समय के साथ ही अब कबीरधाम जिले में आप पार्टी और छत्तीसगढ़ जनता जोगी कांग्रेस चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाने उतरेगी । छत्तीसगढ़ जनता जोगी कांग्रेस पार्टी के द्वारा आमजन से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद करते हुए घेराव सहित नुक्कड़ कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा चुका है । अरविंद केजरीवाल की पार्टी कवर्धा और पंडरिया में पूरे दमखम के साथ आमजन के मुद्दे को उठाकर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है । कबीरधाम जिले के एक कार्यक्रम में जहां पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का आगमन हुआ था तो उन्होंने मंच से कहा था कि मौसम बदल रहा है और अब की बार 75 पार । तो कांग्रेसी वर्ष 2023 के चुनाव को लेकर पूरे दमखम के साथ चुनावी तैयारियों में लगे हुए है ।

भरोसे का किसान सम्मेलन

रणवीरपुर में आयोजित भरोसे का किसान सम्मेलन में जहां मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने कहा था कि जय और वीरू के बाद अब छत्तीसगढ़ में कका बबा की फिल्म सुपर हिट होगी और जनता का प्यार भी इन्हें मिलेगा । उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव ने कहा की 75 पार के साथ ही भरोसा दिलाया की इस बार भी बनने वाले चुनावी घोषणा पत्र में पूरी गारंटी के साथ कार्य किया जाएगा और इसकी गारंटी भी होगी । कार्यक्रम में जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे । अब भाजपा में सुगबुगाहट भी देखी जा रही है । दरअसल आने वाले 2023 के चुनाव में भाजपा कवर्धा से दर्जनों की संख्या में प्रत्याशियों की लंबी लाइन लगी हुई है तो कांग्रेस से एक ही नाम निकल कर सामने आ रहा है ।

अकबर के बराबर प्रत्याशी की तलाश भाजपा को

मोहम्मद अकबर अभी वर्तमान में एक ऐसे मंत्री के रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं जो ग्रामों का दौरा तो कर ही रहे हैं । साथ में इन्हें ऑनलाइन मोहम्मद अकबर भी ने कहा जा रहा है। तो वहीं भाजपा को चुनावी नैया पार करने के लिए मोहम्मद अकबर के बराबर का प्रत्याशी चुनावी रणभूमि में उतारना होगा । और यह भी तय करना होगा कि किस कार्य क्षेत्र में कौन पूरी दक्षता से कार्य कर सकता है । तब कहीं जाकर भाजपा की नैया पार हो सकती है । नहीं तो भाजपा कहीं पुराने रवैया में रहा तो पंडरिया और कवर्धा का दोनों सीट बचा पाना बड़ी मुश्किल साबित होगा । वर्तमान समय में मोहम्मद अकबर लगातार अनेक ग्रामों का दौरा कर रहे हैं और आम जनों से मिल उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए अपनी बातों को भी रख रहे हैं ।

स्थानीय विधायक की मांग

पंडरिया विधानसभा को बीते 2 विधानसभा चुनाव में जो भी विधायक मिले हैं वे पंडरिया में ना रह कर अपना निवास स्थान कवर्धा ही बना लिए ऐसी स्थिति में पंडरिया के फरियादियों को फरियाद लगाने के लिए किराए या अपने निजी वाहन सुविधा के अनुसार से कवर्धा आना पड़ता है । इस विषय को लेकर पंडरिया के आमजन काफी नाराज भी नजर आ रहे हैं । दरअसल पंडरिया का 80फीसदी क्षेत्र वनांचल क्षेत्र में आता है । यहां के बैगा आदिवासी अपनी समस्याओं को रखने लगभग 35 किलोमीटर का सफर कर आज भी कवर्धा आते हैं । ऐसी स्थिति में अंदाजा लगाया जा रहा है कि पंडरिया इस बार स्थानीय विधायक की मांग कर रहे है । फिलहाल टिकट देना तो पार्टी ही तय करता है कि विधानसभा चुनाव के लिए टिकट देकर किसे चुनावी रणभूमि में उतारता जाए । खैर जो भी हो अब वर्तमान में भाजपा ,कांग्रेस ,छत्तीसगढ़ जोगी जनता कांग्रेस ,अरविंद केजरीवाल की पार्टी इन सभी से विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चुनावी रणभूमि में होंगे और जनता अब किसे जीत का ताज पहन आती है या तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

दुर्ग ग्रामीण ओबीसी का मजबूत किला भाजपा नहीं लगा पाई आज तक सेंध

मंत्री ताम्रध्वज साहू सांसद रहे जीतकर बनाया रिकार्ड

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा साल 2008 में अस्तित्व में आया और शुरुआत से इस सीट पर ओबीसी के प्रत्याशी मैदान में उतरते थे। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में पहली बार 2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिमा चंद्राकार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के प्रीतपाल बेलचंदन को हराया था। वहीं 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से रमशिला साहू ने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के प्रतिमा चंद्राकार को हराकर विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की. वहीं 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बदलकर दुर्ग लोकसभा सांसद ताम्रध्वज साहू को चुनाव मैदान में उतारा था और कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू ने भाजपा के जागेश्वर साहू को हराकर जीत हासिल की। दुर्ग जिले में 6 विधानसभा सीटें है। 6 विधानसभा में 5 सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं तो वही एक सीट पर भाजपा काबिज है। इसमें एक सीट दुर्ग ग्रामीण विधानसभा है, 2023 विधानसभा चुनाव में जनता का मूड क्या है वर्तमान में इस सीट से कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू विधायक है। जो प्रदेश के गृहमंत्री भी है। ताम्रध्वज साहू ने सांसद रहते हुए विधायक का चुनाव लड़ा था और भाजपा के पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू को हराकर जीत हासिल किया था।



चर्चित सीटों में गिनती

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सीट प्रदेश की चर्चित सीटों में गिनती होती है. मौजूदा समय में कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू विधायक है जो छत्तीसगढ़ सरकार में वर्तमान में गृहमंत्री, पीडब्ल्यूडी, पर्यटन, कृषि मंत्री भी है.।शुरू से ही दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सीट को कांग्रेस का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता रहा है. 2013 के चुनाव में हालांकि भाजपा की रमशिला साहू ने जीत हासिल की और मौजूदा सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री भी बनी।

ताम्रध्वज ने जागेश्वर साहू को हराया

साल 2018 के चुनाव में मौजूदा दुर्ग लोकसभा के सांसद ताम्रध्वज साहू को कांग्रेस पार्टी ने इस विधानसभा से टिकट दिया और कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू को 73 हजार 208 वोट मिले तो वही भाजपा के जागेश्वर साहू को 49 हजार 96 वोट मिले. ताम्रध्वज साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को हराकर 24 हजार 112 वोटो से जीत हासिल किया था. वर्तमान में विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के ही प्रयासों से दुर्ग जिले को एक और नया रिसाली नगर निगम को सौगात मिली. जिससे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास तेजी से हुआ.

ओबीसी मतदाता है सबसे ज्यादा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 14 हजार 391 मतदाता है. जिसमें 1 लाख 7 हजार 162 पुरुष मतदाता है. तो वही 1 लाख 7 हजार 229 महिला मतदाता है. इस विधानसभा में ओबीसी के होने के कारण यहां प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ओबीसी के मतदाता ही करते है. इस विधानसभा में साहू और कुर्मी समाज के मतदाता अधिक है. इसके अलावा अन्य समाज के लोगो निवासरत है।

स्थानीय मुद्दा

इस विधानसभा में विभिन्न समस्याएं और मुद्दे है। जिसमे सबसे पहले उद्योगों में स्थानीय लोगों को रोजगार से वंचित,प्रदूषण से ग्रामीण परेशान,पानी की समस्याएं,साफ सफाई का अभाव,अवैध कारोबार का संचालन,निगम में शामिल होने वाले गांव के ग्रामीणों में आक्रोश, शिवनाथ नदी से अवैध रेत का परिवहन,जैसे अन्य समस्याएं और मुद्दे है।

तीन चुनावों में किसने जीत हासिल की और कौन हारे

2008 के विधानसभा चुनाव परिणाम	
प्रतिमा चंद्राकर (कांग्रेस)	-49710
प्रीतपाल बेलचंदन (भाजपा)	- 48153
जीत का अंतर	-1557
2013 के विधानसभा चुनाव परिणाम	
रमशिला साहू (बीजेपी)	- 50327
प्रतिमा चंद्राकर (कांग्रेस)	-47348
जीत का अंतर	- 2979
2018 के विधानसभा चुनाव परिणाम	
ताम्रध्वज साहू (कांग्रेस)	-73208
जागेश्वर साहू भाजपा)	- 49096
जीत का अंतर	-24112

नेम प्लेट लगाने के साथ जनसंपर्क शुरु

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस जनों के घर-घर पहुंचकर नेम प्लेट लगाने के साथ ही जनसंपर्क कर क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण हेतु भी प्रयास कर रहे हैं । दक्षिण में बूथ/ अनुभाग स्तर पर अग्रवाल के दौरे से कार्यकर्ताओं में भी उत्साह जागा है । रायपुर दक्षिण विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 45 के सदर बाजार, सत्ती बाजार, कमासिपारा, नयापारा, तेलीपारा ,बंजारी रोड, पेटी लाइन ,लाखेरी ओली,क्षेत्र में अतुल रघुवंशी, वार्ड अध्यक्ष जावेद दद्दा, सादर वाकडे ,युवक कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ,महापौर प्रतिनिधि सुशील बरोरे ,पुरुषोत्तम शर्मा, व्यापारी संगठन के प्रतिनिधि अनिल बजाज, राजेश यदु, शरद गुप्ता, आनंद पांचाल ,शैलेश श्रीवास्तव, रवि शर्मा, नागेंद्र वोरा, राजा दानी, सोमेश बघेल, राज महानंद आदि के साथ घर-घर जाकर नाम पट्टिका लगाई गई रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 64 विपिन बिहारी सूर वार्ड के मठपारा, आदर्श नगर, गभरा पारा, दुर्गा चौक में जनसंपर्क किया।

अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का रास्ता साफ होता नजर आ रहा

- **कैबिनेट बैठक में हुई है चर्चा, सरकार जल्द लेगी फैसला**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। राज्य सरकार के प्रवक्ता और मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि कर्मचारियों को नियमित करने के बारे में कैबिनेट की बैठक में चर्चा हुई है। विभागवार जानकारी मंगाई गई है। जल्द ही सरकार इस पर निर्णय लेने वाली है। कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र में अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था। इसके पूरा नहीं होने पर प्रदेश के करीब 45 हजार कर्मचारी धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद सरकार ने अनियमित कर्मचारियों के वेतन में एकमुश्त 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। इसके बावजूद कर्मचारी धरने पर बैठे हुए हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेशभर में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों की भर्ती के बारे में विभागों से जानकारी मंगाई है। विभागों को एक सप्ताह में जानकारी भेजने का निर्देश दिया गया है। संविदा कर्मियों के साथ ही दैनिक वेतन भोगी, अनियमित दैनिक श्रमिकों की जानकारी मांगी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग जीएडी के अवर सचिव एसके सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2004 से 2018 और 2019 से 2023 तक सीधी भर्ती के पदों पर नियुक्ति और संविदा, अनियमित और दैनिक वेतन पर कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों की अलग-अलग जानकारी मांगी गई है। जीएडी ने एक प्रोफार्मा भी भेजा है, जिसमें भर्ती के दौरान आरक्षण नियमों का पालन, रिक्त पदों की तुलना में भर्ती सहित अन्य विषयों की जानकारी मांगी गई है। उच्च प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो जिन अनियमित कर्मचारियों की भर्ती रोस्टर के आधार पर नियुक्ति हुई होगी, सरकार उनको नियमित कर सकती है।

भाजपा-कांग्रेस के लिए ट्रम्प कार्ड होगा किसान और छत्तीसगढ़ियावाद

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष बनाने का मकसद ये भी दिखाना है कि एक किसान को भारतीय जनता पार्टी ने महत्व दिया है। बघेल पेशे से किसान हैं। वे हर जगह कहते भी रहे हैं कि वे किसान पुत्र हैं। हल चलाते हैं। जिस समिति में कई दिग्गज पूर्व मंत्री हों, पूर्व सांसद हों, उसमें विजय बघेल को कमान सौंपने के दो मायने बताए जा रहे हैं। बघेल के सामने बघेल और किसान के सामने किसान...। भारतीय जनता पार्टी में चुनावी घोषणा पत्र बनाने की तैयारियां जोरों पर है।

फिलहाल मोटे तौर पर जो बात अंदर से निकलकर आ रही है, उसके मुताबिक फोकस किसान और छत्तीसगढ़ियावाद दोनों पर हो सकता है। इसके अलावा आदिवासी, ओबीसी और व्यापारी वर्ग पर ध्यान रहेगा। अभी घोषणा-पत्र समिति में कुल 32 लोगों की टीम है। पहले 31 थी। मुस्लिमों को साधने की कोशिश में भी एक नाम जोड़ा गया है। डा. सलीम राज घोषणा-पत्र समिति में बाद में शामिल किए गए। ये समितियां कई उपसमितियों में भी बंट चुकी है। बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। घोषणा पत्र तो सभी संभागों-जिलों में फीडबैक के बाद ही बनेगा, लेकिन शुरुआती दौर में समितियों के जितने भी लोग चर्चा कर रहे हैं, उससे लग रहा है कि फोकस सिर्फ किसान नहीं होगा, बल्कि छत्तीसगढ़िया का तोड़ निकालना भाजपा के लिए मुश्किल भरा हो सकता है। घोषणा पत्र समिति की उप समितियां लगातार बैठकें कर रही हैं। केंद्रीय गृहमंत्री और दिग्गज भाजपा नेता अमित शाह के सवा महीने में ही तीन बार के दौरे ने संगठन में तेजी ला दी। उनके पिछले दौरे के बाद ही आनन-फानन में समितियों की घोषणा की गई और भाजपा अब टार्गेट बेस काम पर जुट गई है। भाजपा का अगला टार्गेट 90 विधानसभाओं में 90 सुझाव पेटियां पहुंचाने का है। संभागीय प्रभारी के नेतृत्व में ये सारे काम होने हैं। विजय बघेल खुद सरगुजा संभाग और बिलासपुर संभाग देखेंगे। समिति के सह संयोजक अमर अग्रवाल रायपुर, रामविचार नेताम बस्तर और शिवरतन शर्मा दुर्ग संभाग जाएंगे। ये सारी कवायदें चल रही हैं, लेकिन जितने लोग भी बैठकें कर रहे हैं। बैठकों के बाहर चर्चा हो रही है, उनमें सभी को सबसे बड़ा मुद्दा धान, किसान और छत्तीसग?यावाद नजर आ रहा है। और इसे लेकर मंथन का दौर अभी से शुरू हो चुका है कि इसके लिए घोषणा पत्र में क्या करेंगे। फीडबैक तो आधार होगा ही।

अक्टूबर में जारी हो सकता है घोषणा पत्र

भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र अक्टूबर के पहले सप्ताह में आ सकता है। घोषणा पत्र समिति पूरे अगस्त माह में प्रदेश का दौरा करेगी। सितंबर माह पूरा इसकी ड्राफ्टिंग में निकल जाएगा। प्रदेश के हर इलाके से आए बिन्दुओं की छंटनी, प्रकाशन इत्यादि में एक माह का समय लगेगा। लिहाजा अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में घोषणा पत्र जारी हो सकता है।

भूपेश छत्तीसगढ़ियावाद का तोड़ तलाश रही भाजपा

सरकार ने छत्तीसगढ़ियावाद को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय पर्वों और स्थानीयतावाद को बढ़ावा दिया। आलम यह है कि गेड़ी भी ब्रांड बन चुका है। जो गेड़ी पहले गांव-गांव की शोभा थी, वो अब मॉल में बिकने लगी है। सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ी में युवाओं की पोस्ट लगातार बढ़ती गई है। युवाओं को छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत और रील्स बनाने में गर्व का अनुभव हो रहा है। इसके अलावा जिला मुख्यालयों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाने की घोषणा की गई। कई जगह प्रतिमाएं लग भी चुकी हैं। अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार छत्तीसगढ़ी गीत को राज्य गीत का दर्जा दिया गया। छत्तीसगढ़ी ओलंपिक शुरू किया गया। छत्तीसगढ़ी तीज तिहार के दिन छुट्टियां भी घोषित की गईं। पहली बार आदिवासी दिवस, छेरछेरा, हरेली,तीजा, कर्मा जयंती, छठ पूजा इत्यादि मनाने के लिए छुट्टी का ऐलान किया गया।

आदिवासी गांवों में भाजपा मनाएगी दिवाली

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ की 12 जनजातियों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिया है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ भाजपा आदिवासी वोटरों को साधने में जुट गई है। प्रदेश भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव से पहले इन 12 जनजातियों के गांवों तक पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय जनजाति कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह का आभार प्रकट करने का कार्यक्रम बनाया है। इसके तहत बूथ स्तर पर दिवाली से पहले ही भाजपा दीये जलाकर, मिठाई बांटकर और पटाखे फोड़कर केंद्र सरकार का आभार प्रकट करेगी। पार्टी सूत्रों की माने तो भाजपा तीन बड़े कार्यक्रम करने वाली है। इसमें रायगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी को आभार प्रकट किया जाएगा। महासमुंद के सरायपाली और सरगुजा संभाग के अंबिकापुर में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए केंद्रीय जनजाति कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा को बुलाने की तैयारी है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि दशकों से अपने अधिकारों से वंचित छत्तीसगढ़ की 12 जनजातियों को मोदी सरकार ने बड़ी सौगात दी है। इस बात को मोर्चा गांव-गांव तक पहुंचाएगा। कार्यकर्ता लोगों को बताएंगे कि इस विषय को आगे बढ़ाते हुए भाजपा ने किस तरह से विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा में पारित करवाने में भूमिका निभाई। साथ ही मोदी सरकार ने उसे कानून का जामा पहनाया। आदिवासियों पर फोकस के मायने ? छत्तीसगढ़ की आबादी पौने तीन करोड़ से ज्यादा है। इनमें 1.96 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 34 प्रतिशत आदिवासी मतदाता हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कुल 90 सीटों में एसटी के लिए 29 सीटें आरक्षित हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 27 आदिवासी सीटों पर जीत हासिल की थी। लोकसभा में 11 सीटों में से 4 सीटें आरक्षित हैं। बस्तर, कांकेर, रायगढ़ और सरगुजा लोकसभा सीट एसटी के लिए आरक्षित

छत्तीसगढ़ की सियासत में ट्विटर वॉर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सियासत में ट्विटर वॉर छिड़ा हुआ है। एक के बाद एक, करीब आधा दर्जन दलों ने एक दूसरे पर टिप्पणी किए हैं। बात इस कदर बिगड़ी की प्रदेश के दो बड़े दल, जानवरों-पक्षी, जंगली जीवों से तुलना पर उतर आए। कांग्रेस ने कह दिया कि भाजपा के लोग कार्यालय में मुर्गा बनेंगे। जवाब में भाजपा ने कह दिया कि जनता कांग्रेस के गधों को नहीं चुनेगी। सारा फसाद प्रदेश मुख्यमंत्री कार्यालय के एक ट्वीट के बाद शुरू हुआ। रायपुर एयरपोर्ट से बस सर्विस शुरू हो रही है। इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर अपडेट करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से लिखा गया- आम नागरिकों के हित में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर परिवहन विभाग की ओर से स्वामी विवेकांनद एयरपोर्ट माना से दुर्ग तक जाने वाली पूरी तरह वातानुकूलित (एयर कंडीशनर) सिटी बस का शुभारंभ किया गया है।

टेस्ट रैंकिंग में जायसवाल ने लगाई छलांग, अश्विन गेंदबाजों में शीर्ष पर

नई दिल्ली। आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की हैं. जिसमें भारत के जायसवाल और रोहित ने एक बार फिर से जलवा बिखेरा हैं. जायसवाल ने 11 नंबर की बड़ी छलांग लगाते हुए 63वें स्थान पर कब्जा कर लिया हैं. जबकि रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 9वें स्थान पर जगह बनायी हैं.

पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट में 21 वर्षीय जायसवाल ने 57 और 38 रन का स्कोर बनाया था. इसके चलते अब उनके 466 अंक हैं. जबकि दूसरे टेस्ट में 80 और 57 रन बनाते हुए रोहित सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय टेस्ट बल्लेबाज हैं.

उनके 759 अंक हैं और वह श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ नौवें स्थान पर हैं. वहीं चोटिल चल रहे रिषभ पंत भारत की तरफ से दूसरे नंबर पर रैंकिंग हासिल करने वाले खिलाड़ी हैं जो सूची में 12वें नंबर पर काबिज हैं.

जबकि अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (879) गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि रवींद्र जड़ेजा (782) छठे स्थान पर पहुंच गए हैं. तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है और वह छह पायदान ऊपर उठकर 33वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

वर्ल्ड कप को लेकर सब-कमेटी का किया गठन, रोजर बिन्नी को सौंपी अहम जिम्मेदारी

नई दिल्ली। पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले वर्ल्ड कप के लिए बीसीसीआई ने सब कमेटी का गठन कर दिया हैं. बोर्ड ने आयोजन स्थलों की देखरेख और बुनियादी ढांचे की सब्सिडी देने के लिए इस उप-समिति का गठन किया हैं. इसमें अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह, कोषाध्यक्ष आशीष सेहलर, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया को अभ्यास खेलों की मेजबानी सहित 12 स्थानों की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसके अतिरिक्त, बुनियादी ढांचे पर सब्सिडी के लिए सिफारिशें करने के लिए एक अलग समिति का गठन किया गया है. मिली जानकारी के मुताबिक रोजर बिन्नी को चेन्नई और अहमदाबाद की जिम्मेदारी दी गयी हैं अहमदाबाद वर्ल्ड कप के नजरिये से काफी अहम वेन्यू रहने वाला हैं. जिसमें वर्ल्ड कप की शुरुआत और 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मैच शामिल हैं. बीसीसीआई सचिव जय शाह दिल्ली और धर्मशाला के प्रभारी हैं जबकि कोषाध्यक्ष आशीष सहलर पुणे, लखनऊ और गुवाहाटी की देखरेख करेंगे. उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला दक्षिणी शहरों हैदराबाद और बेंगलुरु की जिम्मेदारी संभालेंगे. वहीं संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया को मुंबई, कोलकाता और तिरुवनंतपुरम की जिम्मेदारी दी गई है. गौरतलब है कि अहमदाबाद, मुंबई, पुणे, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, दिल्ली, लखनऊ और धर्मशाला विश्व कप के मुख्य खेलों की मेजबानी करेंगे।

सियाजरूल ने पुरूष टी20 में गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाया

कुआलालंपुर। मलेशिया के गुमनाम से तेज गेंदबाज सियाजरूल इद्रुस ने टी20 विश्व कप एशिया बी क्वालीफायर में सात विकेट लेकर अंतरराष्ट्रीय पुरूष क्रिकेट में टी20 गेंदबाजी का नया रिकॉर्ड बनाया ।

इद्रुस ने आठ रन देकर सात विकेट लिये जिसकी मदद से मलेशिया ने चीन को आठ विकेट से हराया । इद्रुस ने सभी विकेट बोल्ड किये ।अब तक 22 टी20 खेल चुके ×2 वर्ष के इद्रुस ने नाइजीरिया के पीटर ओहो का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने सियरा लियोन के खिलाफ 2021 में पांच रन देकर छह विकेट लिये थे ।आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्यों में भारत के दीपक चाहर के नाम टी20 में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड है जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 2019 में सात रन देकर छह विकेट लिये थे । समग्र रूप से वह इस सूची में दिनेश नकरानी के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने युगांडा के खिलाफ 2021 में सात रन देकर छह विकेट लिये थे ।नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरदि'क के नाम महिला और पुरूष दोनों वर्गों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड है जिन्होंने फ्रांस के खिलाफ 2021 में तीन रन देकर सात विकेट लिये थे ।पुरूषों के टी20 क्रिकेट में 12 गेंदबाज छह या अधिक विकेट एक मैच में ले चुके हैं जिनमें चाहर, भारत के युजवेंद्र चहल, आस्ट्रेलिया के एश्टोन एगर और श्रीलंका के अजंता मेंडिस शामिल हैं ।चीन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 11 . 2 ओवर में 2× रन पर आउट हो गई । उसका कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका । वेइ गुओ लेइ ने सर्वाधित सात रन बनाये । मलेशिया ने 4 . 5 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया । इस टूर्नामेंट के विजेता को नवंबर में नेपाल में होने वाले एशिया क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश मिलेगा जिसमें से शीर्ष दो टीमें 2024 में टी20 विश्व कप खेलेंगी ।

टेक्सास सुपर किंग्स और सीटल ऑर्कस होंगे आमने-सामने

नई दिल्ली। मेजर क्रिकेट लीग में खेलने वाली टॉप चार टीमों के पायदान तय हो गये हैं. सीटल ऑर्कस के अलावा टेक्सास सुपर किंग्स, वाशिंगटन फ्रीडम और एमआई न्यूयार्क ने प्लेऑफ में जगह बनाई. वहीं इस टूर्नामेंट का पहला क्वॉलीफायर मुकाबला सीटल ऑर्कस और टेक्सास सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा. दोनों टीमें 28 जुलाई को डलास में आमने-सामने होगी. इस मैच में जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंच जाएगी. वहीं, इस मैच में हारने वाली टीम एलिमिनेटर की विनर टीम से खेलेगी.

ऐसे में प्वाइंट टेबल की बात करें तो सीटल ऑर्कस तालिका में टॉप पर बनी हुई हैं. जबकि नंबर दो पर टेक्सास सुपर किंग्स ने कब्जा जमाया हैं. अब दोनों टीमों के बीच 28 जुलाई को क्वालीफाई खेला जाना हैं. जो सुबह 6 बजे शुरु होगा. वहीं इसी दिन वाशिंगटन फ्रीडम और एमआई न्यूयार्क के बीच एलिमिनेटर भी खेला जाना हैं. इसके बाद जो टीम एलिमिनेटर जीतेगा वो क्वालीफाई हारने वाली टीम के साथ मैच खेलगी और अपनी फाइनल की राह को पक्की करेगी. सीटल ऑर्कस की टीमः

क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), नौमान अनवर, शेहान जयसूर्या, हेनरिक क्लासेन, शुभम रंजने, दासुन शनाका (कप्तान), इमाद वसीम, ड्वेन प्रीटोरियस, एंड्रयू टाई, हरमीत सिंह, कैमरून गैनन

टेक्सास सुपर किंग्स की टीमः डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), कोडी चेट्टी, डेविड मिलर, मिलिंद कुमार, मिशेल सेंटनर, डैनियल सैम्स, केल्विन सैवेज, गेराल्ड कोएत्ज़ी, मोहम्मद मोहसिन, रस्टी थेरॉन

मनिका ने रीथ को हराकर यूटीटी में चौथी जीत दर्ज की

पुणे। भारत की सर्वो'च रैंकिंग वाली महिला टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में मंगलवार को टी रीथ रिशिया को ×-0 से हराया। बेंगलुरु स्मैशर्स की तरफ से खेल रही मनिका बत्रा ने गोवा चैलेंजर्स की रीथ की एक नहीं चलने दी और इस सत्र में एकल में लगातार चौथी जीत दर्ज की।

मनिका ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने पहला गेम 11-4 से अपने नाम किया और इसके बाद भी अपना अ'छा प्रदर्शन जारी रखते हुए अगले दो गेम 11-5 और 11-7 से जीते। इससे पहले स्मैशर्स के किरिल गेरासिमेंको ने विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता अल्वारो रोबल्स को 2-1 से हराया था।

मनिका के शानदार प्रदर्शन से बेंगलुरु की टीम गोवा को 9-6 से हराने में सफल रही। इस हार के बावजूद गोवा की टीम सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही।

प्रणय, लक्ष्य और सात्विक चिराग जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में

तोक्यो। भारत के एच एस प्रणय , लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी जापान ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए ।बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 21 वर्ष के सेन ने जापान के केंटा सुनेयामा को 21 . 14, 21 . 16 से हराया ।कोरिया ओपन जीतने वाले सात्विक साइराज और चिराग ने डेनमार्क के लास्से मोल्हेडे और जेप्पे बे को 21 . 17, 21 . 11 से मात दी ।वहीं प्रणय ने हमवतन किदाम्बी श्रीकांत को 19 . 21, 21 . 9, 21 . 9 से हराया ।महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली को नामी मत्सुयामा और चिरारू शिडा ने 21 . 21, 21 . 19 से मात दी ।सेन ने 50 मिनट के भीतर जापानी प्रतिद्वंद्वी को हराया । पहला गेम जीतने के बाद उसने सुनेयामा को वापसी का मौका ही नहीं दिया ।वहीं प्रणय पहला गेम हार गए थे लेकिन शानदार वापसी करके अगले दो गेम जीते । सात्विक और चिराग के लिये मुकाबला लगभग एकतरफा रहा जिन्होंने सीधे गेमों में जीत दर्ज की ।इस सत्र में सात्विक और चिराग ने कोरिया ओपन सुपर 500, स्विस ओपन सुपर 300 और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 खिताब जीते हैं ।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। इसका असर भारतीय बाजार में भी देखने क्ो मिल रहा है। देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट भी दर्ज की गई है। वहीं, कई राज्यों में कीमतों में उछाल भी देखने को मिल रहा है। वाराणसी में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 58 पैसे प्रति लीटर की कटौती हुई है। इसक्े बाद यहां पेट्रोल क्े दाम 96.68 रूपये प्रति लीटर हो गए हैं, जबकि डीजल का भाव यहां 89.87 रूपये प्रति लीटर हो गया है।

इसके अलावा राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी पेट्रोल क्े दाम में 16 पैसे की गिरावट आई है और अब यहां पेट्रोल 108.45 रूपये लीटर प्रति लीटर बिक रहा है। जबकि डीजल क्े दाम 14 पैसे टूटकर 93.69रूपये प्रति लीटर पर आ गए हैं। राजस्थान के पाली में पेट्रोल की कीमत में 60 पैसे और डीजल के दाम में 54 पैसे प्रति लीटर की कटौती हुई है, यहां पेट्रोल 108.72 रूपये प्रति लीटर तो डीजल 93.95 रूपये प्रति लीटर हो गया है।

वहीं, दूसरी तरफ्दिल्ली से सटे नोएडा-ग्रेटर नोएडा में पेट्रोल की कीमत में 35 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। यहां पेट्रोल क्े दाम 97 रूपये प्रति लीटर हो गए हैं। डीजल की कीमतों में भी 32 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। डीजल के दाम बढ़कर 90.14 रूपये प्रति लीटर हो गए हैं।

जल्द नए फीचर जारी करेगा थ्रेड्स

नई दिल्ली । मेटा के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने थ्रेड्स पर फ़ीड दो विकल्प उपलब्ध कराने और 'ट्रांसलेशन' सहित नए अपडेट की घोषणा की है।कंपनी ने एक बयान में कहा, थ्रेड्स के लॉन्च के बाद से ही इंस्टाग्राम टीम यूजर्स की प्रतिक्रिया सुन रही है। लोगों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए नई सुविधाएं देने की दिशा में जितना तेज हो सके काम कर रही है।थ्रेड्स पर आपका फ़ीड आपको अब दो विकल्पों के साथ अन्य प्रोफ़ाइल से पोस्ट देखने की अनुमति देता है।पहला विकल्प 'फॉर यू' है जिसमें उन प्रोफ़ाइलों से पोस्ट का मिश्रण शामिल है जिन्हें दूसरे यूजर फॉलो कर रहे हैं या जिन अकाउंट्स की आपको अनुशंसा की गई है।

टाटा मोटर्स ए का साधारण शेयरों के साथ करार

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स 'ए' साधारण शेयर पूंजी वाली एकमात्र प्रमुख सूचीबद्ध कंपनी के रूप में अपना रुतबा बरकरार रखे हुई है। टीएमएल ने 2008 में कम वोटिंग अधिकार (1/10वां) और उ'च लाभांश (5 प्रतिशत) के साथ सामान्य से 10 प्रतिशत छूट पर 'ए' साधारण शेयर जारी किए।

2009 में सेबी ने कंपनियों को नए निर्गमों के लिए बाज़ार को प्रभावित करने वाले विभेदक अधिकारों के साथ शेयरों की नई श्रेणी बनाने की अनुमति नहीं दी। मौजूदा 'ए' साधारण शेयरों को जारी रखने की अनुमति दी गई।टाटा मोटर्स ने अपने डीवीआर को डीलिस्ट करने की घोषणा की और डीवीआर के शेयरधारकों को 7=10 के अनुपात में साधारण शेयर मिलेंगे। इस लेन-देन से कुल शेयर पूंजी में 4 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे यह सभी शेयरधारकों के लिए ईपीएस सहायक बन जाएगा।प्रमोटर के वोटिंग अधिकार में ×.2 प्रतिशत की कमी हो गई है और योजना के कार्यान्वयन के बाद शेयरधारकों के वोटिंग अधिकार और आर्थिक अधिकार समान हो जाएंगे।टाटा मोटर्स ने कहा कि साधारण और 'ए' साधारण शेयरों के बीच मूल्य छूट को खत्म करने से समग्र बाजार पूंजीकरण में सुधार होगा। टाटा मोटर्स बोर्ड ने 'ए' साधारण शेयरों को रद्द करने और रद्दीकरण/पूंजी कटौती के विचार के रूप में साधारण शेयर जारी करने के लिए एनसीएलटी व्यवस्था योजना को मंजूरी दे दी है।प्रत्येक 'ए' साधारण शेयरधारक को प्रत्येक 10 'ए' साधारण शेयरों के लिए 7 साधारण शेयर प्राप्त होंगे।यह 'ए' साधारण शेयरों के पिछले दिन के समापन मूल्य पर 2× प्रतिशत प्रीमियम का अनुवाद करता है।

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक: 28.08.2023

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उनके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है । निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 28.08.2023 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम / खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
श्री कुंजबिहारी बनर्जी एवं श्री विजेन्द्र पाल सिंह आदित्य (जमानतदार)	खसरा नं. 86, प.ह.नं. 10, मौजा व ग्राम- गस्तीकापा, आर.एन.एम. एवं जिला- मुंगेली में स्थित भूमि व भवन । **चौहद्दीः उत्तर-** शासकीय भूमि एवं नाला, **दक्षिण-** शीतलकुण्ड सीमा, **पूर्व-** स्वामित्व भूमि, **पश्चिम-** शासकीय भूमि फिर सड़क.	07.04.2021 / 12.08.2021 / ₹ 9,43,107.74 26.07.2023 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	8,20,000/- / 82,000/- / 10,000/-	श्री अमर नाथ कुमार (मो. 9425501205) मुंगेली शाखा 209272434 CNRB0005205 cb5205@canarabank.com
श्री बबलू कुमार पिता- राजेन्द्र ठाकुर एवं श्रीमती पिंकी देवी पति- श्री बबलू कुमार	खसरा नं. 118, 120/2, 121/3, सारंगढ़ रोड, उ.वी.जी. छाया कालोनी, छातामुड़ा, वार्ड नं. 36, तहसील व जिला- रायगढ़, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 500 वर्गफीट में स्थित संपत्ति । **चौहद्दीः उत्तर-** सरदीवारी, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** खुली भूमि, **पश्चिम-** खुली भूमि ।	08.04.2021 / 05.08.2021 / ₹ 16,79,460.08 27.07.2023 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	10,00,000/- / 1,00,000/- / 10,000/-	श्री संजय कड़वे (मो. 9425570229) रायगढ़ शाखा 209272434 CNRB0003329 cb3329@canarabank.com
श्रीमती ममता देवी पति- श्री अखिलेश सोनी एवं श्री अखिलेश सोनी पिता- श्री कमलेश्वर प्रसाद	फ्लैट नं. 115, ब्लॉक- एफ, तृतीय तल, हिमालयन हाईट्स, शैलेन्द्र नगर, बेलादुला, वार्ड नं. 25, रायगढ़, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 1163.50 वर्गफीट में स्थित संपत्ति । **चौहद्दीः उत्तर-** पैसेज, **दक्षिण-** खुला आसमान, **पूर्व-** खुला आसमान, **पश्चिम-** खुला आसमान ।	30.04.2021 / 05.08.2021 / ₹ 23,89,088.56 26.07.2023 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	18,00,000/- / 1,80,000/- / 10,000/-	श्री संजय कड़वे (मो. 9425570229) रायगढ़ शाखा 209272434 CNRB0003329 cb3329@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी । बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है । भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें । नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.bankeauctions.com के माध्यम से ऑन लाईन ई-नीलामी की जायेगी । (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/ऑफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे । (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है । (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो । दिनांक 25.08.2023 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा ऑन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है । (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी । (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है । डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd. (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: eauction@ccsl.co.in पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल www.bankeauctions.com में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें । (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को दिनांक 25.08.2023 को सायं 3.00 बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करना होगा । अ. ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो । ब. पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र । स. इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी । द. इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रक्रिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी) । (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे । निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायेगी । (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्चे/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे । (10) यदि संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी । (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें eauction@ccsl.co.in अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd. (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: eauction@ccsl.co.in पर संपर्क करें ।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे । केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे । इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें । जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें । (नोटः नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी ।)

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 29.07.2023 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा ।

दिनांक : 28.07.2023 प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

अवैध खनिज परिवहन, 6 हाइवा 1 ट्रैक्टर जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर के आदेशानुसार जिला खनिज अधिकारी के द्वारा अवैध खनिज परिवहन में कार्यवाही करते हुए कुल 07 वाहन जिसमे रेत से भरे 01 ट्रेक्टर व गिट्टी के 06 हाईवा को खनिज अधिनियम के तहत जप्त किया गया हैए जो क्रमशः ग्राम हरदीबाजार व जांजगीरए रलिया क्षेत्र से भरकर अवैध परिवहन किया जा रहा था। उक्त 06 हाईवा को उरगा थानाए व ट्रेक्टर को हरदीबाजार थाना के अभिरक्षा में रखा गया है जिसमे एमएमडीआर एक्ट 1957 के धारा 21 के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी तथा यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

अलग-अलग क्षेत्रों से दो नाबालिग लापता

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद थाना में 47 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की घर से बिना बताए कहीं चली गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। इसी तरह खरोरा थाना में प्रार्थी 39 वर्षीय प्रार्थी ने शिकायत किया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

नौकरी दिलाने का झांसा, साढ़े 6 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। पटवारी एवं फुड इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर साढ़े 6 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूरज कुमार 26 वर्ष जांजगीर चांपा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अनुराधा टंडन व प्रशांत सोनी ने प्रार्थी को पटवारी एवं फुड इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर साढ़े 6 लाख रुपए ऐंठ लिए। जब नौकरी नहीं दिलवा पाया तो प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा। पैसा वापस नहीं करने पर प्रार्थी ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अस्पताल के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। भाटिया नर्सिंग होम के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रितेश यादव 44 वर्ष केलकरपारा गंज का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केजे 3896 को भाटिया नर्सिंग होम के पास खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मामूली बात पर तीन युवकों ने महिला को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। वर्धमान नगर देवपुरी में मामूली बात पर तीन युवकों ने अधेड़ महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संतरा बाई कोसले 50 वर्ष वर्धमान नगर देवपुरी की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया कल शाम अपने घर के बाहर बैठी थी, तभी पड़ोस में रहने वाले तीन लड़कों ने प्रार्थिया को यहां क्यों बैठी हो कहते हुए गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बीएसयूपी कालोनी में मां-बेटे से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। बीएसयूपी कालोनी मठपुरैना में तीन युवकों ने महिला व उसके बेटे से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया बबीता बेनिया 35 वर्ष बीएसयूपी कालोनी मठपुरैना की रहने वाली है। बताया जाता है कि वहीं मोहल्ले में रहने वाले आरोपी हीर सिंदूर नायक, महेश तांडी व करण बाग ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी व उसके लड़के से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

वनांचलों की मूलभूत सुविधा को बेहतर बनाएं : टीएस

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद टीएस सिंहदेव ने कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के साथ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों और शासन की महत्वाकांक्षी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सिंहदेव ने 33 विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने जिले के आदिवासी एवं बैगा बाहुल्य बोडला और पंडरिया विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्रामों में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। बैठक में कैबिनेट मंत्री अकबर ने बिजली की लो-ओल्टेज समस्या को तत्काल दूर करने के लिए विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया है। विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि खेती किसानी के लिए पानी की आवश्यकता होती है, चूंकि पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं गिरने से किसानों द्वारा सिचाई की व्यवस्था बनाई जा रही है। जिसके कारण वनांचल मैदानी सहित वनांचल क्षेत्रों में बिजली की लो-ओल्टेज की समस्या अधिक आ रही है। इस समस्या को शीघ्रता से दूर किया जाएगा। अधिकरी ने बताया कि बोडला विकासखण्ड की बिजली आपूर्ति को दो भागों में किया जा रहा है, इससे लो-ओल्टेज की समस्या से निजाद मिलेगी। बैठक में पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर, क्रेड़ा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, नीलकंठ चंद्रवंशी, कवर्धा कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा साहू, अगमदास अनंत उपस्थित थे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने समीक्षा बैठक में विभागीय उपलब्धियों और राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री ी सिंहदेव ने बैठक में कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जिम्मेदारी से क्रियान्वयन करते हुए इसका लाभ प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचाएं। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों एवं जमीन संबंधित समस्याओं का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के पूर्व करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इसके लिए पटवारियों के कार्यो की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्या की समीक्षा करते हुए कार्या में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत समाग्री उपयोग में लाई जा रही है उसकी गुणवत्ता की जांच करें, इसके बाद ही उपयोग में लाएं। पाईप बिछाने के बाद पानी सीपेज की जांच कर सड़कों का मरम्मत कार्य तत्काल करें। मंत्री अकबर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भेंट मुलाकात के दौरान जल जीवन मिशन के कार्या की शिकायत प्राप्त होती है। उन्होंने शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

रीपा से अब तक 15 लाख रूपए का लाभ प्राप्त

उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने जिले में महिलाओं के आर्थिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित रीपा में महिला समूह कार्य कर रहें हैं। उनके द्वारा उत्पादित सामाग्री गुणवत्तापूर्ण रहे, जिससे बाजार में अधिक मांग आएगी। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने बताया कि रीपा से अब तक 15 लाख रूपए का लाभ प्राप्त हुआ है। आगामी समय में इससे और अधिक लाभ प्राप्त होगा। सिंहदेव ने जिले में स्थापित कोदो-कुटकी प्रसंस्करण केन्द्र और मल्टीएक्टीविटी सेंटर में संचालित अजीविका के विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फभौतिक लक्ष्यों का पूर्ति करना नहीं होना चाहिए, बल्कि विभिन्न अजीविका से जुड़े समूहों की आर्थिक प्रगति कितनी हो रही है इस पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में डीएफओ चुड़ामणि सिंह, अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

नवीनीकृत एवं मरम्मत सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे

उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने समीक्षा बैठक में जिले में चल रहे सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकृत सड़कों की समीक्षा की। कैबिनेट मंत्री अकबर के आग्रह पर उपमुख्यमंत्री सिहदेव ने बोडला विकासखण्ड के तरेगांव जंगल से पचराही मार्ग के सुधार कार्य के लिए सैद्धांतिक सहमति दी। अकबर ने इस मार्ग को लोकनिर्माण विभाग को हस्तांतरित करने के लिए कलेक्टर को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा। बैठक में पीएमजीएसवाई सड़क की प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा के दौरान पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने पीएमजीएसवाई के कुंडा से महली मार्ग की गुणवत्ता विहीन होने की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री सिंहदेव ने कहा कि सड़क की गुणवत्ता की कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए। अगर ऐसी शिकायत है तो शीघ्र उस मार्ग की जांच करे। उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य शासन से स्वीकृत सभी कार्यों की शुभारंभ की जानकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को होनी चाहिए।

प्रदेश में अब तक 461.1 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

■ **जून 2023 से अब तक राज्य में 461.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 461.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 28 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1000.5 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 154.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 287.9 मिमी, बलरामपुर में 288.0 मिमी, जशपुर में 312.8 मिमी, कोरिया में 391.3 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 384.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

जिलेवार आंकड़े इस प्रकार है

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 535.7 मिमी, बलौदाबाजार में 421.9 मिमी, गरियाबंद में 483.9 मिमी, महासमुंद में 448.2 मिमी, धमतरी में 553.2 मिमी, बिलासपुर में 422.9 मिमी, मुंगेली में 541.7 मिमी, रायगढ़ में 432.8 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 372.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 319.4 मिमी, सक्ती में 334.0 मिमी, कोरबा में 395.9 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 312.6 मिमी, दुर्ग में 387.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 325.7 मिमी, राजनांदगांव में 620.5 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 691.2 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 505.1 मिमी, बालोद में 623.4 मिमी, बेमेतरा में 314.4 मिमी, बस्तर में 559.7 मिमी, कोण्डागांव में 392.9 मिमी, कांकेर में 474.6 मिमी, नारायणपुर में 443.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 667.5 मिमी और सुकमा में 818.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

15 लाख के बिजली केबल की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

कोण्डागांव/नवप्रदेश। उत्तरप्रदेश से आकर छत्तीसगढ़ में एक ठेकेदार के अधीन रहकर काम कर रहे नाबालिग के साथ ही तीन अन्य लोगों को विद्युत तार कीमती करीब 15 लाख रूपए चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी यहां से चोरी करने के बाद वापस अपने-अपने गृहग्राम भाग निकले थे।पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी शेख मौसिम कुरूद जिला धमतरी के द्वारा शिकायत दर्ज कराया गया कि उनके फर्म के द्वारा जिला कोण्डागांव में बडेडोंगर से मसोरा तक नई 33 के. वी. विद्युत लाईन का कार्य किया जा रहा है। जिसमें टेक्निकल कार्य हेतु उत्तरप्रदेश निवासी इरशाद राणा को अपने अधीनस्थ रखकर कार्य करवा रहा था। इरशाद राणा के साथ उसके ही गांव के कुछ अन्य लोग भी कार्य कर रहे थे। आरोपियों ने बिना जानकारी दिए 15 जून 2023 को ग्राम जुगानी कलार के इनके अस्थायी कैंप एवं ग्राम जैतपुरी से 5 ड्रम डॉग कंडक्टर विद्युत तार किमती लगभग 15,00,000/- (पन्द्रह लाख) रूपये को चोरी कर ले गए थे।

रोगियों के आसान उपचार और शोध एवं अनुसंधान पर खास ध्यान दें चिकित्सक

■ **नए निदेशक प्रो. अजय सिंह की चिकित्सकों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के नए निदेशक के रूप में एम्स भोपाल के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने शुक्रवार को संस्थान का दौरा कर चिकित्सा शिक्षकों, अधिकारियों और छात्रों के साथ संवाद कर संस्थान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रोगियों के उपचार के लिए हर संभव कदम उठाने और दवाइयों एवं अन्य किट्स की खरीद को सरल बनाकर उन्हें आसानी से उपलब्ध कराने और शोध एवं अनुसंधान पर विशेष जोर दिया। उन्होंने महत्वपूर्ण उपकरणों और दवाइयों को अपेक्षाकृत आसानी के साथ विभिन्न विभागों को उपलब्ध कराकर रोगियों को आसान उपचार के लिए संबंधित विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देशित किया। उनका कहना था कि सभी आवश्यक दवाइयां रोगियों को अमृत फार्मेसी के माध्यम से उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके साथ ही आयुष्मान भारत के रोगियों को भी सरल प्रक्रिया के माध्यम से तुरंत उपचार मिलना चाहिए। प्रो. सिंह ने शिक्षकों और छात्रों के मध्य शोध और अनुसंधान की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने और उन्हें हर संभव मदद प्रदान करने के लिए भी कहा। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रोजेक्ट्स के बारे में भी जानकारी ली और दीक्षांत समारोह की तैयारियों के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर उप-निदेशक (प्रशासन) अंशुमान गुप्ता, अधिष्ठाता (अकादमिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल, प्रो. सरिता अग्रवाल, वित्त सलाहकार बी.के. अग्रवाल सहित वरिष्ठ शिक्षक और अधिकारी उपस्थित थे।